संपूर्ण मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उत्तरप्रदेश में प्रसारित

www.samarthsahara.com

samarthsaharabhopal@gmail.com

दैनिक समर्थ सहारा
सच को सच कहने का अदम्य साहस

भोपाल
शुक्रवार
26 मार्च 2022
वर्ष: 10, अंक:039
कुल पृष्ठ: 8
मूल्य : 2.00

**तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 38.0 | 21.0 |
| ग्वालियर | 37.2 | 20.2 |
| इंदौर | 39.4 | 21.3 |
| जबलपुर | 39.1 | 22.0 |

**पेट्रोलियम कीमत**
पेट्रोल : 109.18 डीजल : 92.62

**₹ कीमत**
डालर : 78.59 यूरो : 84.00
सेसेंक्स : 56650 निफ्टी : 16914
सोना : 51, 900 चांदी: 68,100



पेज -8

# हरसूद विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में 'द कश्मीर फाइल' फिल्म देखने का उत्साह दिखा









**समर्थ सहारा, ईश्वर राठौर**

खंडवा। खंडवा जिला उपाध्यक्ष युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत राज कुँवर बाबा साहब जी एवं हरसूद विधासभा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ 'द कश्मीर फाइल्स' मूवी देखी। मकड़ाई युवराज युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुंवर दिव्यदित्य शाह के नेतृत्व में हरसूद विधानसभा के क्षेत्र की जनता ने संपूर्ण हुआ भाजपा के 200 से 300 कार्यकर्ताओं के साथ कुवर दिव्यदित्य (बाबा) शाह ने फिल्म त्रियुग टाकिज खण्डवा में देखी जिसमें युवाओं में बहुत जोश रहा भाजपा युवा नेता। विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद दिव्य दत्त शाह की सहजता क्षेत्रवासियों को अपनी और आकर्षित करती है मध्य प्रदेश के वन मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह विशेषता मंत्री पुत्र होने के बावजूद उन्होंने अपनी विशिष्टता को छुपा कर रखा और एक सामान्य व्यक्ति की तरह वह हमेशा घुल मिलकर लोगों के दुख दर्द में शामिल हो जाते हैं लोग यह कहते हुए भी सुने जाते हैं की यह प्रतिभाशाली बालक भविष्य में बहुत ही बड़े मुकाम पर होगा और अपने पिता के सपनों को भी साकार करेगा जनता उनमें अपने पिता कुंवर विजय शाह की झलक झांकी देखती है। खालवा के मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी ने कहा की क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा अपील की और रितिक जोगी के द्वारा खण्डवा में जगह बैनर लगाए गए।

### महराज का 'राजतिलक' : 21 सवर्ण, 20 ओबीसी, 9 दलित, एक मुस्लिम, एक सिख

# नए लक्ष्य, नए संकल्प की टीम योगी

**समर्थ सहारा, लखनऊ**

मंत्रिमंडल में इस बार 31 नए चेहरे हैं। उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबी रानी मौर्य को कैबिनेट तो कानपुर के कमिश्नर रहे आईपीएस अफसर असीम अरुण और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया है।

शुक्रवार को अपरान्ह 4.20 बजे अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में योगी आदित्यनाथ ने देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए जैसे ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, प्रदेश की राजनीति में इतिहास रच दिया। वे लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। पांच साल का कार्यकाल पूरा कर चुनाव की अग्निपरीक्षा में खरा उतरने के बाद प्रदेश की सत्ता संभालने वाले वे इकलौते मुख्यमंत्री बन गए हैं।

योगीराज 2.0 में भी दो उप मुख्यमंत्रियों ने शपथ ली। हार के बावजूद केशव प्रसाद मौर्य का कद बरकरार रखा गया है। वहीं, कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक का कद बढ़ाते हुए नया उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। डॉ. दिनेश शर्मा को इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी के साथ 52 मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें 18 कैबिनेट मंत्री, 14 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 20 राज्यमंत्री हैं। खास बात यह है कि इनमें 31 नए चेहरे हैं। नए मंत्रिमंडल के सामने नए संकल्प और लक्ष्य हैं। दो साल बाद ही लोकसभा का चुनाव होना है। योगी की नई टीम के सामने सुशासन को सुदृढ़ करने के साथ वर्ष 2024 की बड़ी चुनौती रहेगी।



**किस वर्ग के कितने मंत्री**

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | - | 21 |
| ओबीसी | - | 20 |
| एससी | - | 8 |
| मुस्लिम | - | 1 |
| सिख | - | 1 |
| एसटी | - | 1 |

**सामान्य वर्ग**

| | | |
|---|---|---|
| ब्राह्मण | - | 7 |
| ठाकुर | - | 7 |
| वैश्य | - | 3 |
| भूमिहार | - | 2 |
| खत्री | - | 1 |
| कायस्थ | - | 1 |

## मंत्रिमंडल में पांच महिलाएं

बेबी रानी मौर्य को कैबिनेट मंत्री, गुलाब देवी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी व विजय लक्ष्मी गौतम को राज्यमंत्री बनाया गया है।

## कैबिनेट मंत्री

केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश कुमार खन्ना, बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जय वीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल नंदी, भूपेन्द्र सिंह चौधरी, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान, अरविंद कुमार शर्मा, योगेंद्र उपाध्याय, आशीष पटेल, संजय निषाद।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में योगी मंत्रिमंडल ने ली शपथ

### पीएम मोदी के करीबी अरविंद शर्मा बने मंत्री, असीम अरुण, बेबी रानी मौर्य भी पहली बार बने मंत्री

मंत्रिमंडल में इस बार 31 नए चेहरे हैं। इनमें पीएम नरेंद्र मोदी के करीबी माने जाने वाले एमएलसी अरविंद कुमार शर्मा भी हैं। वे गुजरात काडर के 1988 बैच के आईएएस रहे हैं। लंबे समय तक पीएमओ में रहे। उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबी रानी मौर्य को कैबिनेट तो कानपुर के कमिश्नर रहे आईपीएस अफसर असीम अरुण और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया है।

### दानिश आजाद... एक मात्र मुस्लिम मंत्री

योगी कैबिनेट में एकमात्र मुस्लिम 32 वर्ष के दानिश आजाद हैं। छह साल एबीवीपी से जुड़े रहे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रहे। हालांकि वे किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। पिछली बार मंत्री रहे मोहसिन रजा को इस बार मौका नहीं दिया गया है।

### पिछली बार मंत्री, अबकी नहीं मिली जगह

**9 कैबिनेट मंत्री :** डॉ. दिनेश शर्मा, सतीश महाना, रमापति शास्त्री, जयप्रताप सिंह, श्रीकांत शर्मा, सिद्धार्थ नाथ सिंह, आशुतोष टंडन, डॉ. महेंद्र सिंह, रामनरेश अग्निहोत्री।
**8 राज्यमंत्री :** डॉ. नीलकंठ तिवारी, अशोक कटारिया, श्रीराम चौहान, जय कुमार जैकी, मोहसिन रजा, अतुल गर्ग, सुरेश पासी।

### आशीष पटेल व संजय निषाद कैबिनेट मंत्री

भाजपा ने सहयोगी पार्टी का पूरा ध्यान रखा है। अपना दल (एस) के एमएलसी आशीष पटेल को कैबिनेट मंत्री बनाया है। वे केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति हैं। वहीं, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल की शपथ ग्रहण के दौरान मंच पर मौजूद रहे। उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उपस्थित रहे।

### कई राज्यों के मुख्यमंत्री रहे मौजूद

मप्र के सीएम शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर, त्रिपुरा के विप्लब देव, असम के हिमंत विस्वा सरमा, गुजरात के भूपेंद्र भाई पटेल, उत्तराखंड के पुष्कर धामी, हिमाचल के जयराम ठाकुर, मणिपुर के बीरेन सिंह।

### पचमढ़ी टूर पर शिवराज सरकार

# पौने दो साल का ऐसा रोडमैप बनाएंगे कि देश देखेगा: सीएम



**समर्थ सहारा, भोपाल**

मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार का पूरा फोकस अब मिशन 2023 पर है। सरकार इसके लिए अपने स्तर पर पूरी तैयारी में जुट गई है। इसी के तहत सीएम शिवराज सिंह अपनी कैबिनेट के साथ शुक्रवार शाम बस से पचमढ़ी रवाना हुए है। जहां दो दिन तक मंथन चलेगा। विकास की योजनाओं का रोडमैप तैयार किया जाएगा। पचमढ़ी जाते समय सीएम शिवराज सिंह ने बस में ही माइक थाम लिया। उन्होंने कहा कि हम पौने दो साल का ऐसा रोडमैप बनाकर लाएंगे और उस पर अमल करेंगे, जिसे पूरा देश देखेगा। सीएम शिवराज ने कहा कि इस तरह विचार करने से अमृत निकलता ही है। खास बात यह है कि बैठक में अधिकारी शामिल नहीं हो रहे। मंत्रियों को सिर्फ एक स्टाफ ले जाने के लिए कहा गया है। पहले दिन शनिवार को सरकार की योजनाओं के सुधार के लिए मंत्री समूहों का प्रेजेंटेशन होगा। इसमें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को प्रभावी तरीके से दोबारा शुरू करने, कन्या विवाह योजना की विस्तृत प्रक्रिया और रूपरेखा बनाने, लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों के लिए योजना बनाने जैसे 13 मुद्दों पर प्रेजेंटेशन होंगे। दूसरे दिन विभागीय कार्यों, नए आइडिया व आगामी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। साथ ही, मंत्रियों के प्रभार के जिलों से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। इसमें उनसे फीडबैक लिए जाएंगे। पार्टी से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ राजनीतिक रणनीति तैयार करने पर चर्चा होगी। साथ ही, आगामी चुनावों की रणनीति बनाने के लिए सभी से चर्चा कर सुझाव लिए जाएंगे। पचमढ़ी रवाना होते समय सीएम शिवराज ने कहा कि हमारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य तय है। जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। योजनाओं में सुधार किया जा सकेगा। कोई गैप होगा, तो उसे दूर किया जाएगा। कुछ समस्याएं प्रदेश के सामने हैं। उनके समाधान के लिए रास्ता निकालेंगे। तेजी से प्रदेश को विकास के रास्ते पर कैसे तेजी से लाएं। इसकी रूप रेखा बनाएंगे।

### भिंड में नकली नोट छापने की फैक्ट्री पर दबिश

# 10 सेकंड में छाप लेते थे 2 हजार का नोट, 10 लाख के नकली नोट गुजरात में खपाने की थी तैयारी

**समर्थ सहारा, भिंड**

भिंड के लहार क्षेत्र में नकली नोट छापने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। पुलिस ने यहां से करीब 10 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए है। जिसे गुजरात में खपाने की तैयारी थी। 50 हजार में 5 लाख रुपए के नकली नोट देने का सौदा तय कर लिया था। लेकिन इससे पहले ही भिंड पुलिस की स्पेशल टीम ने फैक्ट्री पर दबिश देकर 3 आरोपियों को दबोच लिया। गिरोह का मास्टरमाइंड और एक अन्य आरोपी को पुलिस अब तक नहीं पकड़ सकी है। आरोपी मात्र 10 सेकंड में 2 हजार का एक नकली नोट छापकर तैयार कर लेते थे।

भिंड एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गिरोह का मास्टमाइंड सत्यवीर राजपूत है। उसने गुजरात से नकली नोट बनाना सीखा था। प्रिंटर और कागज भी वहीं से लाते थे। आरोपियों ने गांव में ही मशीन लगा ली थी। आरोपी पहले भी इस मामले में जेल में बंद था। 8 महीने के बाद जमानत पर रिहा होकर फिर यही काम शुरू कर दिया। आरोपी रेत कारोबार में नकली नोट खपाते थे। गड्डियों में एक-दो नोट फंसाते थे। आरोपी 2000 और 200 का नोट ही बनाते थे। 500 का नोट नहीं बना पा रहे थे।



### तीन साल में तीसरी बड़ी कार्रवाई

भिंड में पिछले तीन साल में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इसे पहले एसटीएफ ने दो आरोपियों को एक साल पहले पकड़ा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई की। गांव मेहरा बुजुर्ग में रहने वाले ईसू रजक के घर में नकली नोट तैयार किए जाते थे। यहां कंप्यूटर से लेकर प्रिंटर तक लगाया गया था। छापे में दस लाख रुपए के नकली नोट और नकली नोट तैयार करने वाली सामग्री मिली है। पकड़े गए आरोपियों में ईसू रजक, राजू सिकरवार निवासी साड़ा भारौली, लला राजपूत निवासी लालपुरा मेहरा शामिल है।

### गुजरात में हुई डील

इस मामले में पुलिस को दो आरोपी सत्यवीर व विनोद की तलाश है। बताया जाता है कि सत्यवीर राजपूत निवासी सहायपुरा और विनोद निवासी साड़ा, ये दोनों गुजरात गए हैं। गुजरात में किसी से आरोपी की डीलिंग हो चुकी है। 50 हजार रुपए में पांच लाख की डीलिंग हो चुकी थी। इसलिए इतनी बड़ी मात्रा में नकली नोटों को तैयार किया गया था।

# दुबई से जयपुर पहुंचे युवक को एयरपोर्ट पर 19.45 लाख के गोल्ड के साथ कस्टम ने पकड़ा

**समर्थ सहारा, जयपुर**

जयपुर एयरपोर्ट पर गोल्ड तस्करी मामले में कस्टम ने आज एक पैसेंजर और सोना लेने आए रिसीवर को पकड़ा है। पैंसेजर दुबई में मजदूरी करता है। वह अपने जूतों में 19.45 लाख रुपए कीमत का सोना पेस्ट के रूप में छिपाकर लाया था। ये जूते सोना भेजने वाले व्यक्ति ने पैसेंजर को अपने गांव का जमाई बताकर पहनाए थे।



कस्टम एसिस्टेंट कमीश्नर भारत भूषण अटल ने बताया, पैसेंजर स्पाइस जेट की फ्लाइट के जरिए दुबई से जयपुर पहुंचा था। यहां एयरपोर्ट पर उसके बैग की एक्सरे चैकिंग में कुछ नहीं मिला। इसके बाद उसकी बॉडी को मेटल डिटेक्टर से चैक किया तो भी कुछ नहीं निकला। हमें जो पहले से इनपुट मिला था, उसके आधार पर शक था। हमने एयरपोर्ट के बाहर तक पैसेंजर का पीछा किया।

एयरपोर्ट के बाहर निकलते ही पैसेंजर ने अपने जूते खोले और बैग में रखी चप्पल को पहन ली और जूतों को एक डिब्बे में रखकर रिसीवर को देने लगा। तभी उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ की तो उसने गोल्ड लाने की बात कबूल की। पैसेंजर और रिसीवर को एयरपोर्ट लाकर जूतों की जांच की तो उसमें से पॉलिथिन के दो पैकेट में पेस्ट फॉर्म में करीब 370 ग्राम सोना मिला। इसकी बाजार कीमत 19 लाख 45 हजार 674 आंकी गई।

पैसेंजर से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह दुबई में टाइल्स लगाने का काम करता है। राजस्थान के नागौर जिले का रहने वाला है। उसे दुबई में ही एक जानकार मिला जो उसी के ससुराल का रहने वाला है। उसने जब मुझे चप्पल में देखा तो उसने कहा कि मैं तुझे जूते दे रहा हूं इसे पहनकर चले जाओ। तुम तो हमारे गांव के जमाई हो। उसी ने बताया था कि इन जूतों में गोल्ड है। ये गोल्ड एयरपोर्ट के बाहर एक जानकार व्यक्ति तुमसे ले लेगा। इसके बदले में वह तुम्हें 2 हजार रुपए नकद देगा। दुबई में उसी व्यक्ति ने मेरा जयपुर का एयर टिकट भी करवा दिया था।

### पूर्व मंत्री बालकृष्ण पाटीदार का बड़ा बयान

# 2023 विस चुनाव सीएम शिवराज सिंह के अगुवाई में लड़ेगी भाजपा




**समर्थ सहारा, खरगोन**

मध्यप्रदेश में भाजपा 2023 का विधानसभा का चुनाव सीएम शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में लड़ेगी। ये बड़ा बयान प्रदेश के पूर्व कृषि और श्रम राज्यमंत्री बालकृष्ण पाटीदार ने दिया है। पूर्व मंत्री पाटीदार शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में शिवराजसिंह चौहान के दो वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर पत्रकारवार्ता लेने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से चर्चा में पूर्व कृषि राज्य मंत्री पाटीदार ने कहां की 2023 में शिवराजसिंह चौहान ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। पार्टी हाइकमान ने सब पहले से तय कर दिया है। पार्टी ने चुनाव की तैयार शुरू कर दी। जनता इस बार कांग्रेस के झूठे वादों के धौके में नही आएगी। पत्रकारों के सवाल का जबाब देते हुए प्रदेश के पूर्व कृषि राज्यमंत्री पाटीदार ने भाजपा में गुटबाजी से इंकार किया है। पाटीदार का मानना था की भाजपा हमेशा एकजुटता से चुनाव लड़ती है।

3 किमी का तिंसरी से उमरधा का विवादित मुरम रोड अनिर्णय के चलते अटका

# एक दशक बाद भी अधूरा निर्माण, जिस जगह विवाद वहां 6 दशकों से चालू हैं रोड

**समर्थ सहारा, बनखेड़ी**

लंबे अंतराल के बाद बनखेड़ी से उमरधा सड़क निर्माण तीन किलोमीटर छोड़कर लगभग पूर्ण हो चुका हैं। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण में लगभग एक दशक से कुछ कम समय लगा। पर इतने लंबे अंतराल में भी तीन किलोमीटर तिंसरी से उमरधा का विवादित पेंच अब तक नहीं सुलझ सका हैं। आजादी के बाद से तकरीबन 50 वर्ष पूर्व से सार्वजनिक मुरम रोड होते हुए भी इस पर मालिकाना विवाद का न सुलझ पाना कई सवाल खड़े करता हैं।



### ऐसे सुलझ सकता हैं विवाद

विवादित जमीन पर रास्ता चालू हैं परेशानी सीसी निर्माण को लेकर हैं। सक्षम जनप्रतिनिधियों द्वारा मालिकाना हक के लिए अड़े कृषकों को भरोषे में लेने की जरूरत हैं। जनहित के इस मुद्दे को प्रभावी मध्यस्तता के जरिये सुलझाया जा सकता हैं। बिंदल डेपल्पर्स का काम अगले हफ्ते पूरा हो जाएगा। कंपनी का प्लांट सिमटते ही उक्त तीन किलोमीटर सड़क निर्माण की उम्मीद खत्म हो जावेंगी। इस टुकड़े के न बनने से बनखेड़ी की ओर होने वाला जुड़ाव असुविधा के चलते आकर्षित नहीं करता। समय रहते इस विवाद को सुलझने का इंतजार निर्माण कंपनी एवं क्षेत्र के लोगों को बेसब्री हैं।

### 3 किमी का विवादित पेंच

100 से अधिक गांव एवं नर्मदा नदी से जोड़ने वाला उक्त महत्वपूर्ण मार्ग इस छोटे से पेंच के चलते पूर्ण होने के बाद भी अधूरा ही रह गया हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त मुरम रोड पर निजी भूमि के मालिकाना हक एवं मुआवजे को लेकर कोर्ट तक पहुंचकर भी अनिर्णय की स्थिति में हैं। जो रास्ता बीते कई दशकों से आम जनमानस व क्षेत्र के लिए खुला हैं। इसी पर लोकनिर्माण विभाग ने मुरम रोड बनाया,डामलीकरण भी हुआ उस पर मालिकाना,मुआवजे व दानपत्र जेंसे विषय उठना संशय भरा हैं। यदि सीसी रोड नही बना तो यकीनन पूरे निर्माण पर पानी फेरने जेंसा हैं।

मार्ग तो अब भी चालू हैं पर इसके सीसी रोड निर्माण पर रोक लगीं हुई हैं। दुबारा से सड़क बनाने का काम बिंदल डेवलपर्स के द्वारा किया जा रहा हैं जो अगले 8 से 10 दिन में पूरा हो जावेगा।

### इनका कहना हैं

*उक्त समाधान के लिए अधिकारियों के निरंतर संपर्क में हूं पुनः सम्बंधित लोगों के बीच बैठकर सामंजस्य बनाने भी प्रयास करूंगा।*

***दर्शन चौधरी,** प्रदेशाध्यक्ष, किसान मोर्चा*

*सभी के सहयोग से लंबे इतंजार के बाद यह निर्माण कार्य पूरा होने को हैं इस दौरान लोगों ने बहुत तकलीफ के बाद भी संयम रखा हैं विवाद खत्म करने जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग का पूरा लाभ क्षेत्र को मिल सकें।*

***राजा पलिया,** समाजसेवी*

## गोलाई में पशु चिकित्सालय बंद रहने से पशुओं का नहीं हो रहा उपचार



**समर्थ सहारा, मुकेश सिंगला**

**रोशनी।** आदिवासी विकास खंड खालवा क्षेत्र अंतर्गत वनांचल में स्थित पशु चिकित्सालय हमेशा बंद रहने से क्षेत्र के पशुओं को उपचार नहीं मिल पा रहा है क्षेत्रवासी व पशुपालकों का कहना है कि यहां पशु चिकित्सालय हमेशा बंद रहता है मौसमी बीमारियों के चलते उपचार के अभाव में पशुओं को उन्हें मजबूरन बस समीपस्थ सीमा से लगे हुए धारणी महाराष्ट्र उपचार हेतु ले जाना पड़ता है उन्होंने मांग की है कि जिम्मेदार विभाग को इस ओर ध्यान देना आवश्यक है।

## 5 वर्षीय मासूम को दूसरी बार आनंद झारिया ने किया रक्तदान

**समर्थ सहारा, डिंडोरी**

डिंडोरी जिला चिकित्सालय में भर्ती 5 वर्षीय सिद्धार्थ बनवासी को एलिथिमिया है जिसके चलते हमेशा मासूम को ब्लड की कमी बनी रहती है सिद्धार्थ बनवासी के परिजन उसे डिंडोरी जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए लेकर आए जहां पर डॉक्टरों के द्वारा की गई जांच मैं सामने आया कि मासूम के शरीर में ब्लड की कमी है मासूम के परिजनों ने अपने बच्चे को ब्लड डोनेट कराने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी लगते ही जिला चिकित्सालय ब्लड डोनेट करने के लिए



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्वविद्यालय आयाम प्रमुख पवन बर्मन पहुंचे दोनों के द्वारा बी पॉजिटिव ब्लड के लिए आनंद झारिया से दूरभाष पर संपर्क कर मासूम के लिए ब्लड की व्यवस्था कराई गई बतला दें कि आनंद झारिया के द्वारा दूसरी बार रक्तदान कर सिद्धार्थ बनवासी की मदद की गई है वही पीड़ित परिवार ने आनंद झारिया का आभार व्यक्त किया है रक्त दान दाता आनंद झारिया ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को मानवता का परिचय देते हुए समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए हमारे एक छोटे से प्रयास से अगर किसी की जान बची है तो ऐसे अनुकरणीय कार्य को त्वरित कर मानवता का परिचय देना चाहिए साथ ही आनंद झारिया ने कहा कि रक्तदान महादान है आप रक्तदान कर किसी जरूरतमंद के काम आ कर लोगों की जान बचा सकते हैं समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो भ्रामक अफवाहों को हवा देकर लोगों को बरगलाने का कार्य करते हैं ऐसे निर्जल लोग समाज के अन्य लोगों में भ्रांति फैलाते हैं कि ब्लड दान करने से व्यक्ति शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है प्रत्येक व्यक्ति साल में कम से कम तीन बार ब्लड दान कर सकता है ब्लड दान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी व्यक्ति के शरीर में नहीं आती।

# जनपद पंचायत करंजिया की ग्राम पंचायत बरेंडा में कागजों में बन गए पीएम आवास योजना के मकान







**पीएम आवास की लिस्ट में खुद का मकान पूर्ण देख ग्रामीण हैरान, आवास का निर्माण किये बिना निकाल ली गई चारों किश्त, जनपद के अधिकारियों की सांठगांठ से हुआ घोटाला**

**समर्थ सहारा, डिंडौरी**

जिले के करंजिया जनपद के बरेंडा ग्राम पंचायत में प्रधान मंत्री आवास योजना के मकान कागजों में बना दिए गए हैं। हैरान करने वाली बात यह है की हितग्राहियों को इस बात का पता ही नहीं है, की उनके नाम से पीएम आवास योजना की चारों किश्तें निकालकर सरकारी फाइलों में आवास पूर्ण कर दर्ज़ कर दिया गया है। कच्चे झोपड़ीनुमा मकानों में जीवनयापन करने वाले ग्रामीण पीएम आवास की लिस्ट में खुद का मकान पूर्ण देखकर हैरान परेशान हैं। ग्राम पंचायत बरेंडा में कई ग्रामीण ऐसे हैं जिनका पीएम आवास की लिस्ट में बाकायदा मकान पूर्ण दर्ज़ है जबकि धरातल में उनका मकान गायब है तो वहीं दर्जनों से अधिक ऐसे आवास हैं जो आधे अधूरे बने हुए जिससे सरपंच पति ठेका लेकर मकान बनवाने का भरोसा ग्रामीणों को दिलाता रहा पर अभी तक मकान पूर्ण नहीं किए गए जो लगभग 4 वर्षों से अधूरी पड़े हुए हैं हितग्राही से किस्त की पूरी राशि सरपंच पति के द्वारा ले लि गई हैं और मकान अभी भी अपूर्ण है जिससे ग्रामीणों को अपने क्षतिग्रस्त मकानो में रहने को मजबूर होना पड़ रहा हैं वही पंचायत के जिम्मेदारों के कारनामे सुन आप भी हैरान हो जाएंगे यहाँ प्रधानमंत्री आवास मृत व्यक्ति के नाम से भी बना दिया गया है जिसकी मृत्यु बरसों पहले हो चुकी है अफसरों ने सरकारी फाइलों में उन्हें पूर्ण घोषित कर दिया है। पीएम आवास में इतना बड़ा फर्जीवाड़ा जनपद के अधिकारीयों की मिलीभगत के बिना असंभव है, जिले में यह कोई पहला मामला नही बल्कि बहुत सी पंचायत ऐसी है जिन्होंने अधूरे मकान को कागजो में पूर्ण कर दिया है बतला दे कि आधे अधूरे प्रधान मंत्री आवास प्रधानमंत्री आवास योजना में किये गए जिम्मेदारों के व्दारा गोलमाल की शिकायतें भी लगातार आ रही है लेकिन जिला में बैठे जिम्मेदारों के व्दारा ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही के न होने से होंसले बुलंद हैं जिस कारण गरीबों के लिए संचालित महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आम जनों को नही मिल पा रहा है।

## साहू समाज का राष्ट्रीय परिचय 27 मार्च को

### युवक-युवतियों के परिजनों को ही मिलेगा प्रवेश

**समर्थ सहारा, बैतूल।**

युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में साहू समाज का राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों, विधवा, विधुर, तलाकशुदा एवं दिव्यांगजनों के परिजनों के आग्रह पर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साहू समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू ने बताया कि साहू समाज के इस राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों की पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष विजय साहू ने बताया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर समाज का होली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के अजय जितपुरे ने समाज के लोगों से कूपन लेकर प्रवेश करने का आग्रह किया है।

## समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का खालवा में मार्केटिंग सोसायटी शुभारम्भ

**खंडवा, ईश्वर राठौर**

सांसद प्रतिनिधि रामचन्द्र भाटी एवं मण्डल अध्यक्ष सुभम तिवारी द्वारा विधिवत तोल- कांटे की पूजा एवं चना उपज लेकर आये पहले किसान को पुष्प माला पहनाकर खरीदी का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अतुलेश कुमार सिंग, समिति प्रबन्धक आरके तिरोले, कमल किशोर रघुवंशी, वेयर हाउस प्रबन्धक राहुल मण्डलोई, भाजपा नेता ललित कुमार,राजू गौर सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



**24 क्विंटल चना खरीदी:** समर्थन मूल्य पर चना उपज की खरीदी के शुभारम्भ के दिन 24 क्विंटल चना खरीद की गई। उपार्जन केंद्र प्रभारी कमल किशोर रघुवंशी ने बताया कि शुक्रवार को चना खरीदी केंद्र दिव्यशक्ति वेयर हाउस खार रोड खालवा पर उपज लेकर आने के लिए छह किसानों को मैसेज आये थे जिसमें से मात्र एक किसान उपज लेकर खरीदी केंद्र पहुँचा। प्रथम दिन किसान का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वागत करते हुए खरीद की गई।

# खबर का असर: खबर के बाद जागा विभाग, खराब हैंडपंपों का हुआ सुधार कार्य, ग्रामीणों के चेहरे खिले



**समर्थ सहारा, प्रदीप सिंह राजपूत**



बूंद-बूंद के लिए जद्दोजहद: जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण,जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर गहराता जल संकट

**डिंडोरी।** जिले के समनापुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली चांदरानी ग्राम पंचायत के बेगान टोला में निवासरत ग्राम वासियों को लंबे समय से पानी की समस्या से प्रतिदिन सामना करना पड़ रहा था जिसकी खबर समर्थ सहारा ने प्रमुखता से प्रकाशित की खबर प्रकाशन के बाद पीएचई विभाग कुंभकर्ण की नींद से जागा और पंचायत के बेगान टोला मैं खराब दोनों हेड पंपों का सुधार कार्य पाइप जोड़कर प्रारंभ कर दिया गया हैंडपंप सुधार के बाद बेगान टोला के बाशिंदों को पानी मिलना चालू हो गया है अब इन ग्राम वासियों को झिरिया का गंदा पानी पीने के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा साफ पानी मिलने से सभी टोला वासियों के चेहरे खिले हुए हैं बदला देने की इन दिनों लगातार डिंडोरी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन जल संकट को लेकर खबरें सामने आ रही हैं वही जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते हेडपंप पहुंचे पानी की जगह हवा निकल रही है अभी तो गर्मी का प्रकोप काफी कम है इसके बावजूद पानी का स्तर लगातार घट रहा है जिस कारण ग्रामीणों को इस भीषण जल संकट से प्रतिदिन जूझना पड़ रहा है।

# रामनवमीं के आयोजन की तैयारियों को लिए हुई बैठक

**समर्थ सहारा, बड़ामलहरा।**

हिन्दू नववर्ष एवं रामनवमीं के अवसर पर भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा के आयोजन को लेकर श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों के अलावा युवाओं ने हिस्सा लिया। समिति के मीडिया प्रभारी दिलीप अग्रवाल ने बताया कि, कोरोना काल के बाद नगर में इस बार रामनवमीं पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के संबंध में बुधवार को स्थानीय रामबाग मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय हुआ है कि 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक नगर में प्रभात फेरी निकलेगी और 9 अप्रैल को भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।



आयोजन हेतु साफ-सफाई, ध्वज लगाने, बैनर पोस्टर लगाने के संबंध में भी चर्चा हुई है। तैयारियों के संबंध में अगली बैठक 27 मार्च रविवार को होगी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पवन द्विवेदी, उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह बुंदेला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, सहकोषाध्यक्ष सतपाल यादव, डॉ. रमेश असाटी, हर्षिल अग्रवाल, देवशंकर शुक्ला, विवेक अवस्थी, कृष्णप्रताप सिंह, नीलेश पौराणिक, बृजकिशोर पटैरिया, हरीराम प्रजापति, राजू सोनी, राहुल सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में पहुंचेगा सुरक्षित पेयजल



**बनखेड़ी।** जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार प्रहलाद सिंह पटेल से उनके दिल्ली स्थित निवास पर मुलाकात भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने मुलाकात की इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त भंडार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के बारे में चर्चा हुई। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार शर्मा रामकुमार पटेल की उपस्थिति रही।

### मुस्लिम समाज के ज्ञापन में शामिल हुए कांग्रेस नेता सुनील बोरसे



**समर्थ सहारा, कुरवाई।** आज शहर के मुस्लिम समाज द्वारा सैकड़ों की तादाद में एकत्रित होकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा ज्ञात हो कि विगत दिनों हिंदू जागरण मंच एवं कुछ व्यक्तियों द्वारा नगर के शहर काजी के बेटे एवं वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष असद उल्लाह हाशमी के खिलाफ षड्यंत्र पूर्ण तरीके छवि बिगाड़ने एवं मस्जिद मदरसा मजारों के ऊपर गलत आरोप लगाते थे जिसके विरोध में आज मुस्लिम समाज द्वारा सैकड़ों की तादाद में एकत्रित हो कर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी अंजली शाह को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से मुस्लिम समाज ने मांग की है की हिंदू जागरण मंच द्वारा असद काज़ी पर फर्जी संगठन बनाने आरोप लगाया है जो सरासर गलत है असद काजी को वक्फ बोर्ड भोपाल के प्रशासक द्वारा संकल्प क्रमांक 84 दिनांक 15.09.2021 को तहसील कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था ज्ञापन के मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिकगण भी शामिल हुए।

### भाजपा किसान मोर्चा के 6 मण्डल अध्यक्ष हुए घोषित

**समर्थ सहारा, डिंडोरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत की अनुमति से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ने जिले के 6 मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की है। घोषणा के अनुसार डिण्डौरी मे नरेश सिंह चंदेल, समनापुर मे द्वारका ठाकुर, बजाग में भजन मरावी, शहपुरा में शांतिप्रसाद साहू, मेंहदवानी मे शिवप्रसाद साहू एवं अमरपुर मे रामनाथ उद्दे को किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

### मेर पंचायत का मामला: 5 साल से अधूरा पड़ा रंगमंच, विधायक निधि से हुआ था स्वीकृत



**समर्थ सहारा, डिंडौरी।** डिंडोरी जिले की ग्राम पंचायतों में विकास हेतु आवंटित राशि के दुरुपयोग के मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं। ताजा मामला जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मेर माल के पोषक ग्राम पिपरिया खुर्द का है। जहा 5 साल से रंगमंच का निर्माण अधूरा पड़ा है, ग्रामीणों का आरोप है कि रंगमंच हेतु आवंटित राशि सरपंच सरोज मरावी और सचिव अगनू मरावी ने उपयंत्री से मिलीभगत कर डकार ली है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 5 साल पूर्व तत्कालीन शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने ग्रामीणों की मांग पर पिपरिया में रंगमंच निर्माण हेतु 2 लाख की राशि स्वीकृत की थी। जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत मेर माल को बनाया गया था। लेकिन सरपंच सचिव ने विधायक और ग्रामीणों की मंशा के विपरीत रंगमंच का निर्माण नही कराया और आवंटित राशि का बंदरबांट कर लिया। सूत्रों की माने तो विधायक निधि के अन्य कार्यों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई हैं जो की जांच का विषय है।

### ग्राम दोंदवाड़ा में राजस्व विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई



**खंडवा, ईश्वर राठौर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध अभियान सतत जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को छैगांवमाखन तहसीलदार श्रीमती माला राय द्वारा ग्राम दोंदवाड़ा में शासकीय मद छोटे बड़े झाड़ जंगल की सड़क किनारे लगभग डेढ़ एकड़ भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम दोंदवाड़ा में गोरेलाल पिता कालू, वासुदेव पिता सीताराम, कमलेश पिता गेंदालाल, गुड्डू पिता जुम्मा, राकेश पिता किसान, महेन्द्र पिता गजानंद, दीपांशु पिता कैलाशचंद, जगराम पिता भैयालाल, रूपा पति बावलिया, महेन्द्र पिता इसराम, बसकर पति तापीरमण, लक्ष्मी पति नरेश तथा हुसैन पिता नत्थु के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए उनके अतिक्रमण हटाये गए।

### जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंशु शुक्ला ने की प्रेसवार्ता

# लगाए प्रशासन व भाजपा नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप

**समर्थ सहारा, आरके आंकोदिया**



**श्योपुर।** जिले की तहसील बड़ौदा कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर जानकारी दी उन्होंने ने कहा कि प्रदेश व जिले में भ्रष्टाचार चर्म सीमा पर है चाहे मामला बिजली बिलो का हो या अन्य विभागों का सब जगह भरस्टाचार व्याप्त है खुद भाजपा के पदाधिकारियों ने मंच के माध्यम से भी कबूल किया है जब खुद भाजपाई भरस्टाचार की बात कह रहे हैं तो आम आदमी का इस सरकार एवं जिला प्रशासन पर क्या भरोसा रह जाता हैद्य जिले में बिना लिए दिए काम नहीं होताद्य कुल मिलाकर भाजपा के लोग प्रदेश एवं जिले की जनता को लूटने में लगे हुए हैं। शुक्ला ने कहा कि भाजपा की वह नेता जो भ्रष्टाचार की बात करते हैं वह उन नामों को क्यों उजागरनहीं करते जो भारतीय जनता पार्टी के नेता इसमें लिप्त है आने वाले समय में कांग्रेस भरस्टाचार के खिलाफ जनांदोलन चलायेगी जिससे जिले में हो रहे भरस्टाचार को रोका जा सके। शुक्ला ने कहा कि अभी हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक श्री बृजराज सिंह चौहान जी द्वारा मंच के माध्यम से यह कहा गया कि कि वह श्योपुर जिले को कांग्रेस मुक्त करके ही रहेंगे इस पर शुक्ला ने कहा कि जिस पार्टी ने आप को दो बार विधानसभा में पहुंचाया और 16 सालों तक पार्टी का अध्यक्ष बनाया आज आप उस मां रूपी पार्टी को खत्म करने की बात करते हैं आज आप जिस पार्टी में हैं आपके पूरे राजनीतिक जीवन में कांग्रेस पार्टी के मंचों से आपने उनके भ्रष्टाचार ओं को उजागर किया क्या आप आज भी अपनी उस अंतरात्मा से भारतीय जनता पार्टी के नेता जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उनके खिलाफ बोलेंगे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने एक बार संसद में यह कहा था कि सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष का भी उतना ही मजबूत होना जरूरी है तब हम इस देश में फैल रहे भ्रष्टाचार रूपी जहर से खत्म कर पाएंगे मेरा आपसे यह कहना हे इस जिले को कांग्रेस मुक्त करना या नहीं करना लोकतंत्र में जनता का अधिकार होता है आप इस जिले को भ्रष्टाचार मुक्त करने की बात करें तो हम भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने को तैयार।

## नप पटेरा में पानी की सप्लाई लाइन से बहता है व्यर्थ पीने का पानी नहीं है कोई पुख्ता इंतजाम है



**समर्थ सहारा, दमोह**



दमोह जिले के पटेरा तहसील में नल जल योजना के माध्यम से लोगों को पानी तो उपलब्ध हो रहा है पर कहीं कहीं नल की टोंटी नदारत है तो अधिकांश जगह नल की टोंटी में लॉक सिस्टम न होने के कारण लोगों ने प्लास्टिक की बोतल और लकड़ी के टुकड़ों से बंद कर दिया है आश्चर्य तो यह कि नगर परिषद के सामने से गुजरती हुई पाइप लाइन पर लगे नल की टोंटी भी गायब है।

## पटेरा ब्लॉक का तिरगढ़ (बिलगुवा) उप स्वास्थ्य केंद्र बगैर उपयोग किए हो गया खंडार



**समर्थ सहारा, दमोह**



दमोह जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सुविधाएं तो मुहैया करवाई जाती रही है पर अभी भी कुछ ग्राम स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित होने का इंतजार कर रहे है। जिले के पटेरा तहसील के ग्राम तिरगढ़ (बिलगुवा) में वर्षो पहले उपस्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार हो चुका था पर अब तक वहाँ कोई नहीं पहुंचा, यहां के हालात अब यह है कि देखरेख का अभाव होने के कारण अब भवन को मरम्मत की आवश्यकता भी है इस भवन में सिर्फ दीवार पर उपस्वास्थ्य केंद्र लिखा हुआ है पर गेट नदारत है दरवाजें कमजोर हो गए है कमरों में भुंसे के अवशेष दिखाई देते है ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र तो बना है पर प्रारम्भ नहीं हुआ।

## एसडीएम ने किया बडौदा क्षेत्र का भ्रमण





**समर्थ सहारा, आरके आंकोदिया**

**श्योपुर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन पर एसडीएम लोकेन्द्र सरल ने आज बडौदा नगर का भ्रमण का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ट्रांचिंग ग्रांउड, साईलो केन्द्र सलमान्या का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।एसडीएम लोकेन्द्र सरल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, जनरल वार्ड में मरीजो को मिली रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में वाटरकूलर चालू होने, साफ-सफाई व्यवस्था, मरीजों को समय पर उपचार की सुविधा के लिए बीएमओ को निर्देश दिये। साथ ही मरीजो से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार एसडीएम सरल ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की साफ-सफाई का अवलोकन करते हुए ट्रांचिंग ग्राउड का भी निरीक्षण किया, जिसमें कचरे का निष्पादन, मशीनों का आदि की व्यवस्था देखी।एसडीएम श्री लोकेन्द्र सरल ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य की तैयारियों के क्रम में साईलो केन्द्र सलमान्या का निरीक्षण किया। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से संबंधित तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने साईलों केन्द्र तक आने वाले किसानों के वाहनों की सुगमता के लिए रास्ते को दुरूस्त अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

## अगले 6 दिनों में जितने भी पेडिंग काम है उनको अधिक से अधिक पूरा किया जाये: कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिये गये अह्म दिशा निर्देश

**समर्थ सहारा, दमोह**



दमोह जिले के कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री चैतन्य ने सभी विभागों के जो प्राथमिकता वाले काम है, उन सभी के बारे में विस्तृत चर्चा की । उन्होंने पी.एम.-सी.एम. किसान कल्याण निधि, धारणाधिकार, सी.एम. भू आवास अधिकार पत्र, आरसीएमएस एवं रेवेन्यू कलेक्शन आदि बिंदुओं पर एक-एक तहसील और एक-एक उप-तहसील से अतिक्रमण के केसेस, सी.एम. हेल्पलाइन के केसेस के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये । कलेक्टर श्री चैतन्य ने कहा पहले से इम्प्रूवमेंट बहुत अच्छा है, इस बार जिले में कंसीडर करने के लिए जो काम अभी बाकी हैं, उन सभी को करने के लिए निर्देशित किया । कलेक्टर श्री चैतन्य ने निर्देशित किया अगले 6 दिनों में जितने भी पेडिंग काम है उनको अधिक से अधिक पूरा किया जाये जिससे दमोह जिला भी टॉप डिस्ट्रिक्ट में कंसीडर किया जाता हैं उसमें आने का पूरा प्रयास करेगें। इस मौके पर अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे।

## सेवा भाव के साथ हर कार्य को करना चाहिए: राहुल सिंह

### दमोह एनिमल केयर सेंटर का हुआ शुभारंभ

**समर्थ सहारा, दमोह**



दमोह शहर के किल्लाई नाका के पास आयुष अस्पताल के सामने दमोह एनिमल केयर सेंटर का शुभारंभ किया गया एवं एक दिवसीय पशु फ्री वैक्सीनेशन कैंप एवं पशु परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया एनिमल केयर सेंटर का शुभारंभ फीता काटकर मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राहुल सिंह ने किया इस अवसर पर उन्होंने सेंटर खोलने पर डॉक्टर जीपी चौधरी को बधाई दी एवं कहा कि आपको यह कार्य सेवा भाव के साथ करना है और प्रयास करना है कि महीने में एक बार फ्री वैक्सीनेशन कैंप दमोह जिले की तहसीलों में हो जिससे कि लोगों को सुविधा प्राप्त हो सके इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि यह अच्छा प्रयास है जिस प्रकार से पशुओं में तमाम प्रकार की बीमारियां देखने मिल रही हैं जिससे यह वैक्सीनेशन कारगर साबित होगी। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र गुप्ता ने भी रेबीज वैक्सीन के संदर्भ में अपने विचार रखे और इसके बारे में पशुओं को वैक्सीन लगवाने आए लोगों जानकारी दी। डॉ जीपी चौधरी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी दी।

## मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में 24 घंटे में पुलिस की जांच पूरी, पुलिस ने आरोपी की पहचान की

### डीआईजी सागर रेंज सहित पुलिस बल आरोपी के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान किए ध्वस्त







**समर्थ सहारा, दमोह**

दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र के गांव में 10 साल की एक मासूम बालिका के साथ एक अज्ञात आरोपी द्वारा घर के बाहर आंगन में दादी के साथ सो रही मासूम को उठाकर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई थी। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी सागर रेंज विवेक राज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डीआर तेनीवार दमोह सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा बारीकी से की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डीआर तेनीवार ने बताया पुलिस द्वारा लगातार लोगों की धर पकड़ कर पूछताछ की भी कार्यवाही की जा रही थी। आरोपी तक पहुंच पाना पुलिस के लिए चुनौती भरा काम था, वहीं पुलिस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी। घटना के करीब 24 घंटे बीत जाने पर पुलिस आरोपी की पहचान करने में सफलता प्राप्त की है एवं पुलिस प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना रहे दुराचारी आरोपी के मकान को हटाए जाने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया आरोपी के द्वारा शासकीय भूमि पर फसल उगा कर खेती की जा रही थी उस भूमि से भी अतिक्रमण हटाया जा रहा है । इस मौके पर एसडीओपी अशोक चौरसिया, तहसीलदार अरविंद यादव थाना प्रभारी इंद्रा सिंह सहित पुलिस बल सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

## पिपरिया चंपत गांव में जल मेले का आयोजन करके स्कूल के बच्चों ने मनाया विश्व जल दिवस



**समर्थ सहारा, दमोह**

दमोह ग्रामीण स्तर पर विश्व जल दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य बच्चों और गांव वालों में जल की समस्या को हल करने के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इसी क्रम में आज पथरिया ब्लाक के पिपरिया चंपत गांव में जल संकट को ध्यान में रखते हुए स्कूल के बच्चों के द्वारा जल मेला का आयोजन करके विश्व जल दिवस मनाया गया जिसका उद्देश्य भूजल स्तर को बढ़ाने के तरीकों के बारे में लोगों को बताना था। बच्चों द्वारा बेहद खूबसूरत मॉडल तैयार किए गए जो भूजल स्तर बढ़ाने के ऊपर बनाए गए थे। शिक्षा टीम से नित्या त्रिपाठी, स्वास्थ्य टीम से आदित्य जैन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसी बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड से अरुण खरे, आशीष पटेल, हल्द्वानी के अमृत पटेल की जल विकास कार्यों की सराहना करते हुए पीरामल फाउंडेशन विश्व जल दिवस प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनके प्रयास से कई खेत तालाब बनाए गए और भूजल के मांग एवं खर्च का लेखा बनाया गया। जैसा कि हम जानते हैं कि भूजल स्तर के संकट में होने की वजह से जिला कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य ने भी कड़े कानूनों को पारित किया है, ताकि दमोह जिले के भूजल स्तर में सुधार आ सके ऐसे में व्यवहार परिवर्तन जागरूकता अभियान का चलाना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से सुंदरम पटेल, माध्यमिक शाला के हेड मास्टर राकेश सिंह, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं पूरी पिरामल फाउंडेशन टीम मौजूद रही।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज में शैक्षणिक प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों ने कूनो अभ्यारण्य का भ्रमण




**समर्थ सहारा, आरके आंकोदिया, श्योपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता के अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कुनो अभ्यारण्य में प्राचार्य डॉ एसडी राठौर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में एमएससी वनस्पति विज्ञान तथा एनसीसी के चयनित विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष डॉ सुभाष चंद, प्रो एके दोहरे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एसएन शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, प्रो प्रकाश अहिरवार तथा छात्राओं के साथ दल प्रभारी के रूप में प्रो ज्योति शुक्ला, प्रो अर्चना यादव के साथ 40 विद्यार्थियों ने नई नई जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण के समय विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों की जानकारी दी। वही वन्य प्राणियों के संदर्भ में प्राध्यापकों के माध्यम से उपयोगी जानकारी प्रदान दी गई। प्राचार्य डॉ राठौर ने विद्यार्थियों से विभिन्न वनस्पतियों के संरक्षण तथा वन्यजीव संरक्षण के बारें में तथा इससे सम्बन्धित अपने दायित्वों के पालन की भी समझाइश दी।

### मप्र सरकार द्वारा बोनस देते हुए तत्काल गेहूं खरीदी प्रारंभ की जाए: मुहम्मद मुजफ्फर सिद्दीक बबलू



**समर्थ सहारा, श्योपुर।** मध्यप्रदेश में 25 मार्च से प्रारंभ होने वाली गेहूं खरीदी को 10 दिन के लिए आगे बढ़ाएं गया है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है किसानों की फसलें कटकर खलियानो में तैयार रखी है और सरकार खरीदने के लिए टाला मटोली कर रही है सहकारिता कर्मचारियों के आंदोलन को कारण बताया जा रहा है उनकी जायज मांगों को पूरा करते हुए तत्काल गेंहू खरीदी प्रारंभ की जाए इस तरह की अव्यवस्था से व्यापारी किसानों से मनमर्जी के दामों पर गेहूं खरीद लेंगे साथ ही सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी पर बोनस भी बंद किया गया है इस साल गेहूं के लिए रु.500 के बोनस की भी घोषणा की जाये क्योंकि किसान की लागत दोगुनी हो चुकी है ऐसे में रु.2015 का दाम बेहद कम है मध्य प्रदेश सरकार से आग्रह है तत्काल गेहूं खरीदी प्रारंभ करते हुए रु. 500 का बोनस दिया जाए।

### पंच 'ज' अभियान के तहत वृक्षारोपण

#### पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित




**समर्थ सहारा, आरके आंकोदिया, श्योपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर प्रदीप मित्तल के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार बांदिल व जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री विभूति तिवारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र चन्द्रपुरा, आंगनबाडी केन्द्र हलगावड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र पाण्डोला 'ए' एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पाण्डोला 'सी' में पंच ''ज'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम व पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पंच 'ज' अभियान के तहत विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही वहां उपस्थित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजन को वृक्षारोपण के महत्व व पर्यावरण सरंक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम में हनुमान तिवारी पीएलव्ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### विधायक के साथ हजारों लोगों ने खेली जमकर होली

#### भजन और फागों ने जमाया रंग, कवियों ने किया रचना पाठ

#### खेलग्राम में मनाया गया होली महोत्सव



**समर्थ सहारा, आशीष तिवारी, छतरपुर।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा सागर रोड पर स्थित अपने आवास खेलग्राम पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के अंतर्गत छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग विधायक के साथ रंगों के इस त्यौहार में शामिल होने पहुंचे। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया गया तो वहीं मनोरंजन और कला से जुड़े कार्यक्रमों ने भी इस आयोजन में रंग भर दिए। खेलग्राम में विधायक आलोक चतुर्वेदी की अगुवाई में दोपहर 12 बजे से ही होली मिलन समारोह का आयोजन शुरू हो गया था। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों से आईं फाग टीमों ने अपनी बुन्देली प्रस्तुतियों के माध्यम से होली के पर्व पर रस बिखेरा तो वहीं यहां मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को जमकर गुलाल लगाया। इसके बाद गायक कलाकार खनिजदेव चौहान एवं उनकी टीम के द्वारा होली के एक से बढ़कर गीत प्रस्तुत किए गए जिन पर विधायक सहित खेलग्राम परिवार से जुड़े कार्यकर्ता और समर्थक जमकर झूमे। होली के इस अवसर यहां सहभोज का भी आयोजन किया गया तो वहीं कवि श्रीप्रकाश पटैरिया के संयोजन में देश के अनेक शहरों से आए लगभग एक दर्जन कवियों ने देर शाम तक रचनापाठ किया। विधायक श्री चतुर्वेदी ने होली मिलन समारोह में शामिल हुए सभी नागरिकों का अभिनंदन किया और कलाकारों व कवियों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

# गुण्डों के आतंक को रौंदने निकला बुल्डोजरः माफिया सोनू स्टोव का डेढ़ करोड़ रूपए कीमत का घर तोड़ा

### चार साल में 11 अपराध करने वाले योगेश पंडित के घर पर चली जेसीबी

### जारी है ऑपरेशन प्रहार, 20 गुण्डों पर पुलिस का राडार

**समर्थ सहारा, आशीष तिवारी।**







**छतरपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह अपनी इस पारी में गुण्डों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाते नजर आ रहे हैं। उनके निर्देश पर छतरपुर पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा और कलेक्टर संदीप जी आर ने गुण्डों के आतंक को रौंदने की तैयारी कर ली है। छतरपुर में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत शुक्रवार को दो शातिर गुण्डों सोनू स्टोव और योगेश पंडित के मकानों पर पुलिस का बुल्डोजर चला। सटई रोड पर ग्राम रामगढ़ में निर्मित सोनू स्टोव के लगभग डेढ़ करोड़ रूपए कीमत के मकान को पुलिस के बुल्डोजर ने जमींदोज कर दिया। तो वहीं दूसरी तरफ चेतगिरि कॉलोनी में बने योगेश अरजरिया उर्फ योगेश पंडित के मकान पर भी पुलिस की जेसीबी चली।

### राडार पर कई गुण्डे, जारी रहेगी कार्यवाही

कार्यवाही के दौरान एएसपी विक्रम सिंह ने पुलिस टीम का नेतृत्व किया तो वहीं एसडीएम विनय द्विवेदी ने प्रशासनिक टीम की कमान संभाली। इस मौके पर जनपद सीईओ मजहर अली, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित कोतवाली टीआई अनूप यादव, सिविल लाइन टीआई पुष्पेन्द्र मिश्रा सहित कई थानों का पुलिस फोर्स मौजूद रहा। कार्यवाही के दौरान एएसपी विक्रम सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन की यह संयुक्त कार्यवाही निरंतर चलेगी। पुलिस ने ऐसे लगभग 20 गुण्डों को चिन्हित किया है जो लगातार चेतावनी के बाद भी सुधर नहीं रहे हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों के घरों की नाप कराई है। इनकी अवैध और गैरकानूनी संपत्तियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### जब शहर जागा तब तक गिर चुके थे अवैध मकान

कलेक्टर संदीप जी आर और एसपी सचिन शर्मा ने गुण्डों के खिलाफ कार्यवाही के लिए एक दिन पहले ही पूरी तैयारी कर ली थी। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे 10 थानों का पुलिस बल एएसपी विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन में एकत्रित हुआ और इसके बाद राजस्व विभाग, नगर पालिका और जनपद पंचायत छतरपुर की संयुक्त टीम के साथ सटई रोड की ओर निकल पड़ा। इस टीम ने ग्राम रामगढ़ में बने सोनू स्टोव के ऑलीशान मकान के सामने पहुंचकर सबसे पहले एसआई हेमंत नायक के माध्यम से अनाउंसमेंट कर लोगों को घर से बाहर निकलने की औपचारिक सूचना दी और इसके बाद पांच बुल्डोजर की मदद से पूरे घर को कुछ ही घंटों में तहस-नहस कर डाला। पुलिस का बुल्डोजर इन अवैध संपत्तियों पर ही हमला नहीं कर रहा था बल्कि गुण्डों के हौसलों को भी तोड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सोनू स्टोव पर सिविल लाइन, कोतवाली सहित अन्य थानों में लगभग 18 गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अड़ीबाजी कर लोगों से रूपए मांगना एवं लोगों को धमकाना, मारपीट और फायरिंग जैसे अपराध शामिल हैं। फिलहाल सोनू स्टोव धारा 307 के एक मुकदमे में जेल में बंद है। कार्यवाही के दौरान उसके परिवार का कोई सदस्य यहां मौजूद भी नहीं था। इस कार्यवाही के बाद पुलिस टीम चेतगिरि कॉलोनी स्थित एक और शातिर बदमाश योगेश पंडित के घर पहुंची। योगेश पंडित पर पिछले चार साल में 11 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें फायरिंग करना, मारपीट करने, अड़ीबाजी करने, हथियार रखने सहित नाबालिग से छेड़छाड़ तक के आरोप हैं। पिछले दिनों फायरिंग की एक घटना के बाद से योगेश पंडित फरार है। पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान कोई भी सामने नहीं आया।

---

### हैंडपंपों में लाल रंग का पानी आने की शिकायत पर परीक्षण करने के निर्देश

# बाकुड़ में आयोजित ग्राम संवाद कार्यक्रम में 63 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**समर्थ सहारा, बैतूल।**



जिले के अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्र जामखोदर क्लस्टर में गुरुवार को आयोजित ग्राम संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से प्राप्त 195 आवेदनों में से 6× आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। शेष के निराकरण के लिए समय सीमा प्रदान की गई। ग्राम बाकुड़ में क्लस्टर बैठक आयोजित की गई। क्लस्टर बैठक में कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस एवं सीईओ जिला पंचायत अभिलाष मिश्रा ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। चर्चा के दौरान दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में राशन एवं शुद्ध पेयजल की सुचारू व्यवस्था पर विशेष फोकस किया। ग्राम पंचायत कोलगांव के ग्रामीणों द्वारा हैंडपंपों में लाल रंग का पानी आने की शिकायत किए जाने पर कलेक्टर ने तत्काल परीक्षण कराने के पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। ग्राम संवाद में नौ हितग्राहियों के सामाजिक सहायता प्रकरण भी मंजूर किए गए।

ग्राम बाकुड़ एवं धसेड़ में स्कूल भवन की छत से पानी रिसने की शिकायत पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तुरंत छत की मरम्मत का कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया। ग्राम बाकुड़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र डिस्मेंटल कराने के मुद्दे पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इस गांव में वनाधिकार पत्र से संबंधित शिकायतों का भी समुचित निराकरण करने हेतु वन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत बाकुड़ में जल जीवन मिशन अंतर्गत तैयार नल-जल योजना स्व सहायता समूह को हैंडओवर करने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए। ग्राम कोलगांव में आवास योजना में हितग्राहियों के नाम दर्ज न होने की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के सीईओ जनपद को कलेक्टर ने निर्देश दिए। ग्राम जाजलपुर में जनभागीदारी से ट्रांसफार्मर लगवाने की ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि यह कार्य शीघ्र कराया जाए। कोलगांव में शिक्षक के समय पर स्कूल नहीं आने की शिकायत पर उक्त शिक्षक का वेतन रोकने हेतु भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इसी ग्राम में बिजली के 'यादा आ रहे बिलों की शिकायत की भी जांच हेतु बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए। ग्राम धसेड़ में बीपीएल सूची में अपात्रों का नाम जुड़े होने की शिकायत मिलने पर यहां शिविर लगाकर पात्र परिवारों का नाम जोड़ने एवं अपात्र परिवारों का नाम हटाने के लिए निर्देश दिए गए। जिन ग्रामों में आंगनबाड़ी भवन नहीं है, वहां के प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में 'यादा से 'यादा जल संरचनाएं बनाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए। इस दौरान गामीण क्षेत्रों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन की स्थिति पर भी कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने पूछा कि इन कार्यों में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। यदि कोई दिक्कत आती है तो तत्काल सक्षम अधिकारी को जानकारी दें। सीईओ जिला पंचायत श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई एवं उनके आवश्यक निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान कलेक्टर श्री बैंस द्वारा स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृत - ग्राम संवाद के दौरान नौ हितग्राहियों के पेंशन प्रकरण स्वीकृत किए गए। इनमें जुगिया नर्रे को मुख्यमंत्री कल्याणी योजना एवं सुमित रामप्रसाद को निःशक्तजन पेंशन स्वीकृत की गई। साथ ही जमिया कुमरे सुक्कू, बालन नर्रे सगलू, मनको बालन, पुष्पा नर्रे, सम्मो धुर्वे मुन्नी एवं सुबन्ता मोहन को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई जबकि बिरजलाल कुमरे वल्द श्यामू को वृद्धावस्था एवं कन्या अभिभावक पेंशन स्वीकृत की गई।

सेक्टर अधिकारियों ने 11 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं - ग्राम संवाद अभियान के दौरान पूर्वान्ह में इस क्लस्टर की ग्राम पंचायत सुखाढाना, सलैया, छतरपुर, शोभापुर, खैरवानी, जामखोदर, बाकुड़, कोलगांव, धसेड़, विक्रमपुर एवं लोनिया के ग्रामों में सेक्टर अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया एवं उनकी शिकायत/समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिनका बाकुड़ में आयोजित क्लस्टर बैठक में समाधान किया गया। इस दौरान एसडीएम शाहपुर अनिल सोनी भी मौजूद रहे।

# समस्त शासकीय-अशासकीय खाद्य संस्थाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**समर्थ सहारा, बैतूल।**



कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने शुक्रवार को आयोजित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला सलाहकार समिति की बैठक में जिले की समस्त शासकीय/अशासकीय खाद्य संस्थाओं का खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि मेलों एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में लगने वाले भंडारों एवं खाद्य दुकानों का भी खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है। यह प्रक्रिया आगामी 15 दिनों में संपन्न कराई जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में ईट-राइट कैम्पस, क्लीन स्ट्रीट फूड हब एवं क्लीन वेजिटेबल मार्केट तैयार करने के भी खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि खाद्य लाइसेंस पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इसके लिए आवेदक स्वयं या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकता है। बैठक में बताया गया कि शासकीय संस्थाओं जैसे पीडीएस की दुकान, शराब की दुकान, कृषि उपज मंडी, शासकीय छात्रावास, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली संस्थाएं, आंगनबाडियों में पोषण आहार केन्द्र, मेस/केंटीन, जेल, अस्पताल, विश्राम गृह एवं भोजन प्रसाद वितरण करने वाली संस्थाओं सहित अन्य शासकीय एवं निजी खाद्य संस्थाओं को खाद्य लाइसेंस पंजीयन कराना आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि ईट-राइट कैम्पस कार्यक्रम के तहत स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कार्य स्थलों, अस्पतालों जैसे परिसरों में सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भोजन को बढ़ावा देने के लिए ईट-राइट कैम्पस तैयार किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस व्यवस्था के तहत जिला जेल, जिला अस्पताल एवं चोपना के छात्रावास को ईट-राइट कैम्पस तैयार करने के लिए चिन्हित किया गया है। इसी तरह जिले में स्व'छ खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लीन स्ट्रीट फूड हब एवं क्लीन वेजिटेबल मार्केट विकसित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। पवित्र स्थानों में स्व'छ, शुद्ध एवं पवित्र प्रसाद एवं भोग वितरण करने की व्यवस्था के तहत बालाजीपुरम् एवं मुक्तागिरी धार्मिक स्थल को चिन्हित किया गया। बैठक में कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत स्व'छ एवं शुद्ध भोजन निर्माण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन कार्यों से जुड़े स्व सहायता समूहों के प्रशिक्षण आयोजित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में समिति सदस्यों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## केआरपी में पठाड़े हुए चयनित

**बैतूल।** राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद के तहत निष्ठा प्रशिक्षण के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद में की रिसोर्स पर्सन (केआरपी) के अनुभव साझा करने हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र एवं पीपल संस्था के सदस्यों द्वारा प्रदेश के 520 केआरपी-स्टेट रिसोर्स पर्सन (एसआरपी) में से 2 केआरपी का चयन किया गया। दोनों केआरपी को 5-5 मिनट का समय दिया गया। जिसमें बैतूल जिले से रितेश कुमार पठाडे केआरपी प्राथमिक शाला गोंडीढाना विकासखंड बैतूल का चयन हुआ। डाइट प्राचार्य केआर अड़लक एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती सरिता आंडे के मार्गदर्शन में रितेश पठाड़े द्वारा अपने सारगर्भित अनुभव राज्य स्तर पर निर्धारित समय मे प्रस्तुत किया। प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों एवं प्रदेश के अन्य केआरपी प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन वेबैक्स मीटिंग के माध्यम से काफी सराहना की गई। विदित हो कि श्री पठाड़े द्वारा डाइट से जिला स्तरीय शैक्षिक संवाद में भी मॉड्यूल पर चर्चा के साथ-साथ तकनीकी सहयोग कर डाइट बैतूल का नेतृत्व किया जा रहा है। इनकी उपलब्धि पर केआरपी टीम, डाइट प्रभात पट्टन एवं सर्व शिक्षा अभियान का समस्त अमले की ओर से बधाई दी।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में छात्र करेंगे सहभागिता



### सहायक पाठ्यक्रम से बच्चों के कौशल का होता है विकास

**समर्थ सहारा, बैतूल।**

सहपाठ्यक्रम गतिविधियां ज्ञान प्रतिर्स्पधा भावना, मूल्य अभिविन्यास, नेतृत्व टीम वर्क एवं जीवन के विभिन्न अन्य पहलूओं के लिए विश्लेषणात्मक और बेहतर बनाने में मदद करता है। इसी उद्देश्य को लेकर गौठाना स्कूल में आयोजित प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता में ब'चे चयनित होकर संकुल और ब्लाक स्तर पर सहभागिता करेंगे। प्रश्नमंच में छात्र विवेक वानखेड़े, तेजस्व जगताप, सोनिया उईके व आयुषी कनाठे विजेता रहे। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रश्नमंच में निर्णायक की भूमिका में मंगला साबले, श्वेता निरापुरे एवं जयश्री ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ब'चों बडने के साथ शिक्षण के प्रति उत्साह बड़ता है। शाला शिक्षक मदनलाल डढोरे व तनवीर खान ने कहा कि सहपाठ्यक्रम गतिविधियों से छात्रों में कौशल विकास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। इस अवसर पर पालक शिक्षक संघ के सदस्य, छात्र-छात्राएं व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# जिला पंचायत छतरपुर के उपाध्यक्ष अमित पटैरिया को मिला किसानों व युवाओं का साथ

### केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का किया आभार व्यक्त समर्थकों में उत्साह

**समर्थ सहारा, नोनेलाल विश्वकर्मा**



**छतरपुर।** जिला के उपाध्यक्ष अमित पटैरिया को प्रांतीय नेतृत्व द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डीपी धाकड़ द्वारा मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति व प्रदेश महामंत्री जेपी धनोपिया के निर्देश पर छतरपुर जिले का जिला अध्यक्ष बनाया गया है केंद्रीय नेतृत्व द्वारा छतरपुर जिले में प्रतिनिधित्व देकर किसानों और युवाओं का सम्मान बढ़ा है जिला पंचायत छतरपुर के उपाध्यक्ष अमित पटैरिया के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है उनके पिता रामकिशोर पटैरिया ग्राम पंचायत मलपुरा के दो बार सरपंच रहे हैं बुंदेलखंड में कोऑपरेटिव व गवर्नमेंट ठेकेदार के कार्यों से किसानों के बीच पहुंचकर हमेशा जन संपर्क में रहे बुंदेलखंड के राजनैतिक परिदृश्य में अमित पटैरिया की जबरदस्त मेहनत के साथ समर्थकों को ऐतिहासिक मतों से जिताया बुंदेलखंड में किसानों और युवाओं के जन हितैषी अमित पटैरिया को जिला अध्यक्ष बनने से समर्थकों ने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# सटई में शरारती तत्वों ने चंदेल कालीन शिव मंदिर को तोड़ा

### शा. संपत्तियों पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किया जा रहा है

**समर्थ सहारा, नोनेलाल विश्वकर्मा**



**छतरपुर।** जिले के सटई में शरारती द्वारा चंदेल कालीन शिव मंदिर को तोड़ कर जमीनों को बेचा जा रहा है। प्रशासन मूकदर्शक की तरह भू माफियाओं से कब्जा करवा रहा है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर परिषद सटाई के छतरपुर रोड पर मेन रोड के पास शासकीय जमीन है, उसके ठीक सामने नायब तहसील व पशु अस्पताल बना हुआ है, फर्जी तरीके से जमीनों की रजिस्ट्री करवा कर बेचा जा रहा है। चंदेल कालीन शिव मंदिर को तहस नहस किया गया है। लोगों में जबरदस्त विरोध है।

# उपार्जन केन्द्रों पर शुरु नहीं हो सकी गेहूं खरीदी

### अब अप्रैल के पहले सप्ताह में शुरु होगा खरीदी का कार्य



**समर्थ सहारा, हरपालपुर।** अफसरों की लापरवाही के चलते समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी के लिये हरपालपुर, अलीपुरा में चिन्हित किये गये उपार्जन केंद्र चालू नहीं हो सके हैं। हालांकि पहले दिन कोई किसान यहां नहीं पहुंचा और न ही केंद्रों पर बारदाना, सिलाई मशीन, त्रिपाल, छायादान, पीने के पानी का कोई इतंजाम, जांच मशीन, ग्रेडर पहुंचे। शासन की गाइडलाइन के अनुसार 25 मार्च से उपार्जन केंद्र खुलने थे लेकिन अफसरों ने गेहूं की फसल न आने की बात कह कर केंद्रों को चालू नहीं किया है, अब अप्रैल के पहले सप्ताह में उपार्जन केंद्र खोले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि हरपालपुर कृषि उपज मंडी परिसर में बने मार्कफेड गोदाम में सहकारी समिति रानीपुरा, हरपालपुर एवं वेयर हाउस कॉर्पोरेशन में बुंदेलखंड विपरण संघ के अंतगर्त दो खरीदी केंद्र खोले जाने हैं जहां क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जानी है। सहकारी समिति प्रबंधक बलवान सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीदी केंद्र शुरू किए जाएंगे। ऐसी ही स्थिति अलीपुरा और बड़ागांव सहकारी समितियों के में भी देखने को मिली। बड़ागांव सहकारी समिति प्रबंधक हीरालाल विश्वकर्मा ने कहा कि अप्रैल से पहले केंद्र शुरू नहीं हो पाएंगे, अभी बारदाना भी नहीं आया है।

## एक अपराधी जिला बदर

**छतरपुर।** जिला दण्डाधिकारी संदीप जी आर ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 तथा लोक व्यवस्था अधिनियम के अंतर्गत जिले के आदतन अपराधी गब्डू यादव तनय शिवदयाल यादव उम्र 35, निवासी ग्राम पठापुर थाना ओरछा रोड छतरपुर के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है। यह कार्यवाही 21 मार्च की शाम 5 बजे से शुरू होकर आगामी 6 माह की अवधि के लिए लागू की गई है। निष्कासन एवं निर्वधन आदेश के चलते गब्डू यादव छतरपुर जिले एवं सीमावर्ती सीमा पर लगे हुए जिलों की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित (जिला बदर) किया गया हैं।

# माफिया को जड़ से मिटाने में एक्शन पोज में आए कलेक्टर

### संपत्ति ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू, अब नहीं रहेगा माफिया का राज

**समर्थ सहारा, नोनेलालविश्वकर्मा**





**छतरपुर।** जिले के रामगढ़ में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई आदतन अपराधी की संपत्ति तोड़ी गई राजस्व एवं पुलिस विभाग की मौजूदगी में हो रही कार्यवाही माफिया और अपराधी प्रगति के लोगों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने कड़ी और बड़ी कार्रवाई शुरू की है अपराध करने वाले की संपत्ति ध्वस्त की है कलेक्टर श्री संदीप जीआर और पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा के निर्देशन में छतरपुर जिले में अपराध में संलिप्त भू माफिया की संपत्ति को ध्वस्त करने की कार्रवाई के क्रम में आज शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई शुरू की गई जिसके तहद छतरपुर के ग्राम रामगढ़ में अपराधी प्रगति के व्यक्ति शहजाद खान उर्फ सोनू स्टोव के अलीशान मकान को बुलडोजर चला के ध्वस्त कर मैदान में तब्दील करने की कार्रवाई शुरू की गई है मौके पर एसडीएम एवं एसपी सीएमओ सहित भारी संख्या में राजस्व एवं पुलिस विभाग और नगर पालिका परिषद का समस्त अमला मौजूद रहा और पक्के मकान को तोड़ने की बड़ी कार्रवाई जारी। यह भी देखा गया की अपराधों पर किस प्रकार लगाम लगाई जा रही है वहीं पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन के मुखिया कलेक्टर साहब के निर्देशन में नगरपालिका के समस्त अधिकारीगण की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया है अवैध रूप से बनाए गए मकान को तोड़ा गया है अपराधिक व्यक्ति को सुधारने का सही उपाय है ऐसा नजारा कुछ देखने को मिल रहा है इससे पहले भी करीब 25 वर्ष पहले भाजपा की सरकार में छतरपुर जिले में पदस्थ हुए थे माननीय कलेक्टर महोदय राधेश्याम जुलानिया जी जिनके द्वारा भी भू माफिया तथा अवैध कारोबारी एवं अवैध कारोबार चलाने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए चुन्नी बजा डाली थी और माफियाओं का राज खत्म हो गया था वर्तमान में पदस्थ कलेक्टर संदीप जी आर ने कुछ ऐसा ही नजारा दिखाया है अब ऐसा लग रहा है कि भू माफियाओं की गुंडागर्दी एवं दबंगई उनके सारे सिस्टम खत्म होने वाले हैं ऐसी स्थिति जिले में बन रही है तथा देखने को मिल रही है।

# महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में मिला स्वर्ण पदक

समर्थ सहारा, खरगोन।



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन के तीन विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। महाविद्यालय के बीकॉम के छात्र चेतन कुमावत और पुष्पेन्द्र नामदेव को 2020 एवं 2021 के सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा श्री राजेंद्र कुमार यादव स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। एनसीसी प्रभारी डॉ. ओंकार सिंह मेहता ने बताया कि पुष्पेंद्र नामदेव ने एनसीसी अंडर ऑफिसर के रूप में 16 से 27 सितंबर 2019 में दिल्ली में आयोजित एनसीसी के ऑल इंडिया थल सेना कैंप में मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व किया था। वहां मध्यप्रदेश की 9 वीं रैंक रही थी जिसमें नामदेव को ऑप्टिकल विधा में विजेता रहने पर स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था। दिसंबर 2019 में इंदौर में आयोजित कैंप में वेड्रिल काशन एंड कमांड के आधार पर इंदौर ग्रुप में बेस्ट कैडेट चुना गया था। वहीं चेतन कुमावत वर्ष 2018 में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एथलीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं और उन्होंने वर्ष 2020 में सीएटीसी कैंप में सीनियर ग्रुप का प्रतिनिधित्व भी किया है। पीजी कॉलेज खरगोन की राजनीति विभाग की छात्रा वैशाली बैरागी को वर्ष 2021 की एमए राजनीति विज्ञान मे प्रथम स्थान प्राप्त होने पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा श्री आर सी जाल चैरिटी ट्रस्ट स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। वैशाली ने एमए की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये है। प्राचार्य डॉ. डीडी महाजन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 1-1 हजार रु. राशि का चेक प्रदान किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। डॉ. शैल जोशी ने भी एक साथ महाविद्यालय को तीन स्वर्ण पदक मिलना महाविद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि बताया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र के पिता श्री उमाशंकर नामदेव, चेतन के पिता श्री परसराम कुमावत, प्रो. चंद्रशेखर महाजन, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. सुभाष डावर, प्रो. मनमोहन केसरे, प्रो. कैलाश चौहान, प्रो. राजेन्द्र सिंह चौहान, प्रो. ललित भटानिया, प्रो. डीएस बामनिया, डॉ. गणेश पाटिल, प्रो. सन्दीप बिड़ला, डॉ. तुषार जाधव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बड़वाह के दिव्यांग चित्रकार आयुष को पीएम ने किया दुलार



समर्थ सहारा, खरगोन।

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बड़वाह के दिव्यांग चित्रकार आयुष कुंडल को दुलार किया। अपने पांव से चित्रकारी करने वाले इस होनहार युवक ने गुरूवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री को स्वामी विवेकानंद का चित्र भेंट किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उनको दुलार करते हुए इस भेंट को अविस्मरणीय बताते हुए आयुष के ट्विटर हेंड को फॉलो किया। आयुष के साथ नई दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान आयुष के पिता स्व. दीपक कुंडल के परम मित्र श्री जितेंद्र सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम ने आयुष से कहा कि आपने जिस प्रकार पेंटिंग में महारत हासिल की और अपनी भावनाओं को पैर की उंगलियों से आकार दिया है। यह हर किसी को प्रेरित करने वाला है। यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया है। सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल के सहयोग से हुई इस 15 मिनट की मुलाकात में आयुष ने अपने सपनो के बारे में भी पीएम के समक्ष बात रखी।

### सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित है आयुष

जितेंद्र सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल 1997 में जन्मे आयुष अपने शरीर के 80 प्रतिशत हिस्से में सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं। आयुष अपने पूरे दिन के कार्यों के लिए अपनी माता पर ही निर्भर है। आयुष बड़वाह नगर के मूकबधिर स्कूल में कक्षा 8 वी में अध्ययनरत है। आयुष स्कूल के दिनों में ही धीरे-धीरे ड्राइंग और स्केचिंग की कोशिश करने लगा। आयुष की यह रुचि आज विकसित होकर चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त हो रही है। आयुष ने अपनी पेंटिंग के लिए यूट्यूब चैनल भी बनाया है। पीएम श्री मोदी ने आयुष के यूट्यूब चेन्नल की लिंक भी शेयर की है।

# किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, नहीं हुई कोई प्रतिक्रिया

## गुरुवार को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

समर्थ सहारा, हैदर खान






**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के सभी किसानों का कहना है कि नरवर और करैरा तहसील के सोनचिरैया अभ्यारण क्षेत्र में आने वाले 32 गांव को अभ्यारण संरक्षण क्षेत्र से मुक्त किया जाए, जमीनों पर कोई फसल न कर पाने से हमारे घरों की आर्थिक स्थितियां डमाडोल होती जा रही हैं। अतः हमको और हमारे परिवार को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल को हम सभी किसान मिलकर यह ज्ञापन मध्य प्रदेश सरकार के राज्यपाल के नाम सौंप रहे हैं। जिससे कि हम हमारी जमीनों का सफलता पूर्व क्रय और विक्रय कर सकें और अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी उपजाऊ जमीन से कोई लोन ले सकें और हमें सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अगर ऐसा न हुआ तो हम सभी 32 गांव के निवासियों के साथ उग्र आंदोलन करेंगे जिसमें चक्काजाम से लेकर सीएम हाउस तक का घेराव किया जाएगा और इसके जिम्मेदार केंद्र सरकार और राज्य सरकार होंगी।

# जल जीवन मिशन में अब तक इन्दौर संभाग अव्वल

### संभाग में करीब 10 लाख ग्रामीण परिवारों को मिला नल से जल

खरगोन।

जल जीवन मिशन में प्रदेश की समग्र ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। इन्दौर संभाग में भी मिशन के जरिए 9 लाख 67 हजार ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाकर संभाग भौतिक प्रगति में अब तक प्रदेश में अव्वल है। मिशन में इंदौर जिले की 387, धार 412, झाबुआ 425, बड़वानी 265, अलीराजपुर 114, खरगोन 380, खण्डवा 313 तथा बुरहानपुर जिले की 83 जल संरचनाएँ शामिल हैं। इन जिलों के लिए नवीन योजनाओं के साथ ही विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधो-संरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत भी कार्य किये जा रहे हैं।

प्रदेश की ग्रामीण आबादी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान न हो, इसके लिए मिशन में तेजी से कार्य जारी हैं। जहाँ जल-स्त्रोत हैं, वहाँ उनका समुचित उपयोग कर और जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जल-स्त्रोत नहीं हैं, वहाँ नये स्त्रोत निर्मित कर ग्रामीण परिवारों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा। यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से वर्ष 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इंदौर संभाग के आठों जिलों में अब तक 2671 करोड़ 69 लाख 32 हजार रूपये लागत की 2379 जल-प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति दी जा चुकी है। विभाग के मैदानी अमले द्वारा मिशन के मापदण्डों के अनुसार नवीन और रेट्रोफिटिंग के रूप में स्वीकृत सभी जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य सतत रूप से जारी हैं।

# एक अप्रैल से खरगोन शहर में 13 नई लोकेशन और जिले में कुल 59 लोकेशन शामिल

समर्थ सहारा, खरगोन।

खरगोन जिले में प्रोपर्टी के खरीदी-बिक्री में जिले को इस वर्ष 109.38 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 24 मार्च तक 22722 कुल दस्तावेजों से 109.36 करोड़ रुपये की आय हुई है। जबकि गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में 19927 दस्तावेजों से 91.45 करोड़ की आय हुई थी। जिला पंजीयक श्री आरएन शर्मा एवं पंजीयक श्री हरजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रोपर्टी की खरीदी और बिक्री को लेकर नई गाइडलाइन 1 अप्रैल से जारी होगी। गाइड लाइन वर्ष 2022-23 के लिए जिले में 2864 लोकेशन का केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड भोपाल द्वारा 23 मार्च को बैठक के बाद अनुमोदन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 3031 लोकेशन में से 226 डिलीट, 227 में विसंगति सुधार और 59 नई जोड़ी गई है। जिले की 160 लोकेशन पर 10 प्रतिशत और 50 लोकेशन पर 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिले में 11 विशिष्ठ ग्राम जोड़े गए हैं। माह मार्च 2021 में कुल 10.71 करोड़ प्राप्त हुए थे, जबकि इस वर्ष 2022 माह मार्च में दिनांक 24 तक 10.78 करोड़ प्राप्त हो चुका है।

### खरगोन शहर की 13 नई लोकेशन

गाइड लाइन वर्ष 2022-23 के लिए खरगोन शहर में 13 नई लोकेशन निर्धारित की गई है। इसमें परसाई कॉलोनी (मुख्य मार्ग पर) राजा टॉवर कॉम्प्लेक्स, भगवती विहार, तुलसी विहार, राधिका कुंज, ब्रजतारा, कालिंदी कुंज, इंद्रप्रस्थ रेसीडेंसी, नंदबाग कॉलोनी, रामाश्रय कॉलोनी, गोपी कुंज, माँ अहिल्या विहार प्रथम व द्वितीय और दामोदर धाम शामिल है। इसी तरह गोगांवा व बड़वाह तहसील में 6-6 सनावद, कसरावद और महेश्वर में 11-11 तथा भीकनगांव तहसील में 1 नई लोकेशन जोड़ी गई है।

# जीर्ण-शीर्ण आंगनवाड़ी केंद्र की बदली तस्वीर

## जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक ने लिया गोद

समर्थ सहारा, बैतूल।



आंगनवाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी और बाल रूचि योग्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने एडाप्ट इन आंगनवाड़ी कार्यक्रम प्रारंभ किया है। इसी कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को सामाजिक सहभागिता से जोडऩे पर जोर दिया जा रहा है। बैतूल कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस ने भी इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए एक आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया। इस अभियान के तहत जिले की कई आंगनवाड़ी केंद्र की तस्वीर बदलने लगी है। ऐसी ही एक आंगनवाड़ी केंद्र आठनेर विकासखंड के मांडवी गांव में है जहां आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 4 की हालत जीर्ण-शीर्ण हो गई थी। स्थिति यह थी कि बारिश में लीकेज दीवालें गंदी होने से आंगनवाड़ी केंद्र के भवन की हालत लगातार खराब होती जा रही थी। इस केंद्र को जिला आबकारी अधिकारी विनोद कुमार खटीक ने गोद लिया और इसकी कुछ दिनों में ही तस्वीर बदल गई। श्री खटीक ने भवन की मरम्मत कराकर आकर्षक रंगरोगन भी करा दिया है ताकि भवन चाईल्ड फ्रेंडली दिखाई दे सके। अब यह आंगनवाड़ी केंद्र ऐसे लगने लगा है जैसे नया भवन बनाया गया हो। केंद्र में भी जुटाई जाएगी सामग्री- जिला आबकारी अधिकारी श्री खटीक ने बताया कि कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस के निर्देशन पर मांडवी आंगनवाड़ी केंद्र को आदर्श केंद्र बनाने के लिए भवन का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया है। इस भवन में दर्ज ब'चों के लिए शीघ्र ही यूनीफार्म सहित शैक्षणिक सामग्री की भी व्यवस्था करवाई जाएगी। इसके अलावा ब'चों के खेलने के लिए झूले, फिसल पट्टी सहित अन्य खिलौने की भी पूर्ति की जाएगी। इसके अलावा जरूरमंद ब'चों को गर्म कपड़े, जूते-चप्पल, बैग आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बच्चों में सामुदायिक भावना का विकास होः प्रभात मिश्रा

## समर कैम्प में तहसीलदार ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

समर्थ सहारा, बैतूल।



समर कैम्प के माध्यम से ब'चों में सामुदायिक भावना का विकास होता है। आजकल ब'चे अपने माता-पिता न्यूक्लियर फैमली के साथ रहते हैं। ब'चों को चाहिए कि वे हर बात परिवार से शेयर करें, पार्टिसिपेट करें। इसी से सामुदायिक भावना विकसित होती है। पहले पढ़ाई पर ही फोकस किया जाता था लेकिन अब खेलकूद और जो भी विधा ब'चों में होती है सब जगह कैरियर होता है। ब'चे पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी संस्था का नाम रोशन करें। उक्त आशय के विचार मानसरोवर द स्कूल के समर कैम्प का शुभारंभ करने के अवसर पर तहसीलदार प्रभात मिश्रा ने व्यक्त किए। उन्होंने ब'चों को कैम्प के माध्यम से शिक्षा और खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी दी। इस समर कैंप में ब'चों को आऊट डोर एक्टिविटी में क्रिकेट, हैंडबाल, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, ट्रेक एण्ड फील, कबड्डी, खो-खो के अलावा इंडोर एक्टिविटी में आर्ट एण्ड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक के अलावा अन्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर श्रीमती मधु मिश्रा, स्कूल के चेयरमेन डॉ. विनय सिंह चौहान, डायरेक्टर लीलाराम सरले, श्रीमती जया मानकर, श्रीमती पुष्पलता साबले, अन्नू जसूजा, श्रीमती रेखा जसूजा, पंकज साबले, स्कूल प्रिंसपल स्वाति खेमरिया के अलावा विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।



# पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताः प्रथम शारदा, द्वितीय ललिता रहे

समर्थ सहारा, बैतूल।

जेएच कॉलेज में शहीद दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरूष इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी निलिमा पीटर, वरिष्ट स्वयंसेवक दिपाली पांडे, ललित तायवड़े, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े की उपस्थिति में शहीद दिवस मनाया गया। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को हिन्दुस्तान की आजादी के लिए हंसते-हसंते फांसी पर झूल गए थे। निलिमा पीटर ने कहा कि इन तीनों ने अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति कर उस समय पूरे हिन्दुस्तान के युवाओं में आजादी की अलख जलाई थी। कार्यक्रम का संचालन नवीन नागले ने व आभार हिमांशु पाटील ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित मालवी, कन्हैया अमरूते, सिद्धार्थ यादव, दिपांशु सोनी, तनु मोहने, भारती चढोकार, आंचल मालवी, माधुरी गोहे, रूपाली, रोशनी, का सरानीय योगदान रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम शारदा पाटिल, द्वितीय ललिता पांडे, तृतीय रोशनी सातपूते, स्लोगन में प्रथम सिद्धार्थ यादव, द्वितीय प्रभात झरबड़े, तृतीय आंचल मोहने रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के विज्ञान भवन में खरगोन को मिला गोल्ड मेडल



**खरगोन।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर द्वारा विश्व क्षय दिवस (तपेदिक) पर आयोजित कार्यक्रम में खरगोन जिले को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वर्ष 2015 से 2021 के बीच टीबी बीमारी को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिया गया है। खरगोन जिले में टीबी की बीमारी को लेकर किये गए कार्यों का सत्यापन केंद्र, राज्य और विश्व स्वास्थ्य संघटन के दल द्वारा किया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिला अधिकांश मानकों पर खरा उतरने पर गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका दास, एसटीओ डॉ. वर्षा राय और जिले के टीबी अधिकारी डॉ. आफताब लोधी ने प्राप्त किया।

## 28 मार्च से गेहूं उपार्जन होना संभावित

**खरगोन।** मप्र शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 28 मार्च प्रस्तावित है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री मनोहर सिंह ठाकुर ने बताया कि बुधवार को विभाग के पीएस श्री फैज अहमद किदवई ने गेंहू उपार्जन के सम्बंध में वीसी के माध्यम से निर्देश दिए है। उसी अनुरूप गेंहू उपार्जन अब 28 मार्च से प्रस्तावित है। जिले में कुल 23967 किसानों ने पंजीयन कराया है। अभी जिले में 72 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। शासन द्वारा 2015 रुपये समर्थन मूल्य निर्धारित है।

## मोबाइल नम्बर दर्ज करते ही ओटीपी के द्वारा प्रतियोगिता में हो सकते है शामिल

**खरगोन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 2 हजार से 2 लाख रुपये तक के आकर्षक राशि दी जाएगी। शुक्रवार को प्रतियोगिता को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एसएस मुजाल्दा ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए आयोग 5 तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। 31 मार्च तक होने वाले इस प्रतियोगिता की लिंक अवजमतूंतमदमेबवदजमेज पर मोबाइल नम्बर दर्ज करते ही मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा। इस ओटीपी को दर्ज करते ही प्रतियोगी का नाम पता और उम्र समिट करते ही जिस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं उसे प्ले करना होगा। आयोग ने इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सहूलियत दी है। प्रतियोगिताएं 5 तरह की है। स्लोगन, पोस्टर, वीडियो मेकिंग (अधिकतम 1 मिनट) गायन (अधिकतम 3 मिनट) और क्विज कांटेस्ट है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बैतूल।** आरएसके ऑफिस के पास खुशी मेडिकल स्टोर, लिंक रोड सदर में आज शनिवार निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में बांझपन एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.रशिका गुलहाने अपनी सेवाएं देंगी। जिसमें निस्संतान दंपत्ति, वेदना रहित प्रसुति, स्त्री केंसर, गर्भाशय अंडाशय की गठान, गर्भाशय और नालियों की जांच, बंधत्व निवारण उपचार आदि की जांच की जाएगी। आयोजकों ने शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के काम समय सीमा में होंगे

**छतरपुर।** जानकारी के अभाव में कई लोग अपने आवश्यक राजस्व संबंधी कार्यों के लिए महीनों तक तहसील कार्यालय में भटकते रहते हैं जबकि अनेक आवश्यक सेवाएं लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से समयसीमा में उपलब्ध कराई जाती हैं। राजस्व विभाग के द्वारा दी जाने वाली ऐसी 9 सेवाएं हैं जिन्हें निर्धारित शुल्क पर लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से निश्चित सीमा में हासिल किया जा सकता है। छतरपुर तहसील के लोक सेवा केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक कोई भी आवेदक एक निर्धारित आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज जमा करते हुए 135 रूपए का शुल्क जमा कर इन सेवाओं का लाभ ले सकता है। इनमें भूमि का सीमांकन 15 दिवस में, अविवादित बंटवारा 45 दिन में, अविवादित नामांतरण 30 दिन में, नकल, नक्शा, भूमि अधिकार पुस्तिका एक दिन में उपलब्ध कराई जाती है। इसी तरह फसल हानि पर मिलने वाले मुआवजे के लिए आवेदन किए जा सकते हैं साथ ही नजूल अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं शोध क्षमता प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय से निर्धारित समय सीमा में प्राप्त किया जा सकता है।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**छतरपुर।** लवकुशनगर के एसडीएम राकेश परमार ने तालाब में डूबने से मृत व्यक्ति को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। तहसीलदार लवकुशनगर द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के परिजनों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। स्वीकृत राशि मृतक की पत्नि रूकमणि अहिरवार दी जाएगी।

## पिपट में सर्वरोग निदान शिविर संपन्न

**छतरपुर।** जिला आयुष विभाग छतरपुर द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय पिपट जमुनया पुरवा में सर्वरोग निदान शिविर संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. महेश अहिरवार द्वारा रोगियों का परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई। सर्वरोग निदान शिविर में 97 रोगियों का परीक्षण करते हुये प्रतिश्याय, ज्वर, हृदय रोग, वातरोग, स्त्रीरोग, श्वास, अर्श आदि रोगों से पीड़ित रोगियों को रोगोपचार किया गया और निःशुल्क औषधियां वितरित की गई।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए संयुक्त मोर्चा 27 को देगा ज्ञापन

**छतरपुर।** आगामी 27 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली के लिए संयुक्त मोर्चा कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपेगा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर पटेल ने कहा कि शाम साढ़े 4 बजे सभी अधिकारी कर्मचारी बीएड कॉलेज में एकत्रित होंगे इसके बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री पटेल ने बताया कि समस्त एनपीएस प्राप्त अधिकारी-कर्मचारी मप्र में पुरानी पेंशन से बंचित हैं जो कि उनकी सबसे बडी पीड़ा है। अभी कर्मचारियों को एनपीएस के रूप में जो राशि प्राप्त हो रही है वह शेयर मार्केट पर आधारित है सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्हें केवल 700 से 1500 रूपये मासिक पेंशन प्राप्त होती है जो कि जीवन यापन के लिए बहुत कम है।

## श्रीरामनवमी महोत्सव के लिए मंदिरों का हो रहा सौंदर्यीकरण



**छतरपुर।** रामनवमी के अवसर पर छतरपुर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। शहर की स्वच्छता और सुंदरता के निरंतर कार्य करने वाली युवा टीम सेवा ही संकल्प समिति द्वारा आगामी नवरात्रि एवं श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में मंदिरों में रंगोली पेंटिंग बनाकर मंदिरों की शोभा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सटई रोड स्थित पीतांबरा मंदिर में अभियान के अंतर्गत रंगोली-पेंटिंग बनाई गई हैं। समिति के नगर संयोजक अमेय तिवारी के अनुसार यह अभियान श्रीरामनवमी तक जारी रहेगा। अभियान में समिति से नवदीप पाटकर, अमेय तिवारी, अंशुल साहू, सत्यम सिंह सोलंकी, अतुल चौरसिया, लोकेश पुष्पकार, विजय कुशवाहा, सोमिल गोस्वामी, शाश्वत राय, अनुज साहू, रोहित पाठक, धर्मेंद्र यादव आदि योगदान दे रहे हैं।

# वर्षों बाद भी नहीं बन पाया एप्रोच रोड

## छात्रावास के बच्चे खारा पानी पीने को मजबूर





**समर्थ सहारा ■ हरदा**

जिला मुख्यालय में करीब आधा दर्जन से अधिक छात्रावास भगवान भरोसे संचालित हैं । 3 दशक से अधिक समय से अंगद के पांव की तरह जमे अधीक्षक पद एवं अधिकार का दुरुपयोग करते हुए चलती का नाम गाड़ी की तर्ज पर छात्रावास संचालित कर जहाँ बच्चों के भविष्य और जान से खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं शासन के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। एक परिसर में उत्कृष्ट बालक बालिका, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति छात्रावास सहित कुल 5 छात्रावास संचालित है। कुछेक छात्रावास अधीक्षक सेवानिवृत्त होने की कगार पर है। उनका स्थानांतरण एक बार भी नहीं हुआ जवाबदेह जिम्मेदार अधिकारियों से तालमेल बनाकर मलाईदार पद पर हासिल कर शासन के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### नशे में धुत रहते हैं अधीक्षक छात्रावास

अधीक्षक नशे में धुत रहते हैं। गांजा और शराब के नशे में देखे जाते हैं। उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तो गांजा और शराब सहित अन्य नशा करने की प्रवृत्ति का खुलासा हो सकता है। इसी की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसका विरोध शिकायत पूर्व में कई दफे की गई, किंतु इनका स्थानांतरण भी नहीं किया गया जिसके कारण उनके हौसले बुलंद है। शासनादेशों और कायदे कानूनों की परवाह किए बिना पदीय दायित्वों का निर्वहन करते में घोर लापरवाही बरती जा रही है।

### खारा पानी पीने को मजबूर



शास.आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास के एक छात्र गौरीशंकर ने बताया कि छात्रावास परिसर में जो बोर है उसमें से खारा पानी निकल रहा है। जो पीने और भोजन बनाने योग्य नहीं है। मजबूरी में उसका उपयोग होता है। नल जल सप्लाई व अन्य माध्यम से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोई पहल नहीं की जा रही है। बाउंड्रीवाल की समस्या लंबे समय से विद्यमान है। खारा पानी उपलब्ध होने की समस्या से कई दफे अवगत कराया गया फिर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### एप्रोच रोड का अभाव



शास. आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास के एक और विद्यार्थी कन्हैयालाल ने बताया कि हरदा छात्रावास में मुख्य मार्ग से एप्रोच रोड का अभाव है। बारिश के कारण बरसात के दिनों में बच्चों को आने जाने में दिक्कत होती है। मार्ग की समस्याओं को अवगत कराया गया फिर भी मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए 200-300 मीटर सड़क बनवाने में कोताही बरती जा रही है। बच्चों के आवागमन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उसका समाधान करने में कोताही बरती जा रही है। इसके कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मार्ग नहीं होने के कारण दुर्घटना और जहरीले कीडों के काटने का भय बना रहता है । इतने पर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छात्रावास बनाने मे भारी-भरकम राशि खर्च कर दिया गया किंतु वहां की समस्या को गंभीरता से लेकर उसे हल नहीं किया जा रहा है।

### छात्रावास भवन जर्जर

एक परिसर में पांच छात्रावास संचालित है। अधिकांश की हालत जर्जर है। मरम्मत के अभाव में दिनों दिन हालात और गंभीर होती जा रही है । छत से पानी टपकता है, दीवारों में दरार पड़ गई है । पुताई और साफ-सफाई कराने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। खिड़की दरवाजे भी क्षतिग्रस्त अवस्था में अधिक है। मच्छरदानी पंखे के बिना किसी भी कीमत में नहीं रहा जा सकता है। मरम्मत के लिए लंबे समय में कोई पहल नहीं की गई। वार्षिक बजट जो रखरखाव के लिए आता है। इसका भी सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है । जिसके कारण और छात्रावास की हालत खराब होती जा रही है। छात्रावास भवन दूर से देखने में खंडहर जैसे दिखता है। परिसर की हालत खराब है जिसे देखने से जाहिर होता है कि जिम्मेदार अधिकारी आते नहीं है यदि आते हैं तो निश्चित रूप से समस्याओं के समाधान की पहल अवश्य करते। छात्रावास अभिलेखों के आधार पर खर्च राशि भौतिक सत्यापन किया जा जाए तो अनमिताएं जगजाहिर हो जाएगी।

### क्या कहते जवाबदार



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई उसके तहत चारों ट्यूबेल में खारे पानी का श्रोत है किंतु मीठे पानी का स्त्रोत नहीं है। इसलिए हरदा नगरपालिका के सीएमओ ने बोला कि टैंकर से पानी चारों टंकी में शिफ्ट करवा देंगे। पाइप लाइन का स्टीमेट बनवाया था तो 30-35 लाखों रुपए के लगभग खर्च आ रहा है। जब हमारे से यहां पाइपलाइन शुरू होगी, तब प्रत्येक छात्रावास में एक-एक कनेक्शन दे देंगे। छात्रावास को सुधारने हेतु एस्टीमेट बन गया है उसका टीएस शहरी क्षेत्र में नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत के द्वारा कार्य कराया जाएगा अप्रैल से टेंडर चालू हो जाएंगे जिला पंचायत द्वारा प्रयास किया गया। टूट-फूट मरम्मत व पुताई का कार्य कराया जाएगा। टेंडर लग चुका है अब जो कमियां है उसे प्राथमिकता से सुधारना है। वर्तमान कलेक्टर और कमिश्नर सा. के निर्देशानुसार आदर्श छात्रावास मार्गदर्शिका बनाएंगे और उसका अनुपालन सभी विभाग के सहयोग से समन्वय पालक अधिकारियों को नियुक्त किया जावेगा । 30 अप्रैल से नई पालिसी आ रही है उसके तहत काफी समय से जिनका स्थानांतरण नहीं हुआ, उनका किया जाएगा।

**- सी.पी. सोनी, जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, हरदा**

# आज से चार दिवसीय ब्रजलीला उत्सव प्रारंभ



**हरदा ।** माहेश्वरी महिला मंडल का चार दिवसीय ब्रजलीला उत्सव 26 मार्च शनिवार से प्रारंभ होगा। बायपास रोड पर आयोजित माहेश्वरी मांगलिक भवन में शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजित चार दिवसीय ब्रजलीला उत्सव 26 मार्च शनिवार से प्रारंभ होगा। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा मेहता ने बताया 26 से 29 मार्च तक चलने वाले ब्रजलीला उत्सव के दौरान 26 मार्च शनिवार को शाम साढ़े चार से सात बजे तक ठाकुरजी का निकुंज मनोरथ का आयोजन किया जाएगा।

### नर्मदा तट पर शाम को दीपदान

रविवार को हरदा डिग्री कॉलेज से माहेश्वरी मांगलिक भवन तक चुंदरी मनोरथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं शाम को यमुना पूजन, नौका विहार, चुंदड़ी, मनोरथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 28 मार्च सोमवार को ग्यारस के अवसर पर नर्मदा तट पर शाम के समय दीपदान किया जाएगा। संगठन के प्रचार मंत्री श्रीमती रीना धीरज मूंदड़ा का कहना है कि 29 मार्च को सुबह गोवर्धन पूजा की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को ठाकुरजी का कुनवारा मनोरथ दर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# आजादी आंदोलन में विद्यार्थीजी का योगदान अविस्मरणीय-सोमानी



**हरदा।** गणेश शंकर विद्यार्थीजी की पुण्यतिथि पर गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष प्रमोद सोमानी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी आंदोलन के विद्यार्थी का योगदान अविस्मरणीय है, उनका नाम हमेशा पत्रकारिता जगत में सम्मानपूर्वक नाम लिया जाता है। उन्होंने अपने ओजस्वी लेख के माध्यम से जन-जन में देशभक्ति का जुनून जगाया और आजादी भगाओ आंदोलन को गति दी। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने पर उन्होंने अहम भूमिका अदा की, विषम परिस्थितियों में हार नहीं मानी और अपने कदम पर अडिग रहे।

### आजादी आंदोलन में युवा संगठित होकर कूदे- गढवे

वरिष्ट पत्रकार दीपक गढवे ने कहा कि विद्यार्थी जी के प्रयास से युवा संगठित होकर आजादी आंदोलन में कूद पड़े और जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने में जीवन की अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे। पत्रकारिता जगत को उन्होंने नई दिशा प्रदान की और अपने देश भक्ति लेख के माध्यम से युवाओं में जोश भर दिया, जिसकी बदौलत हम सब को आजादी मिली है। उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर वरिष्ट पत्रकार संदेश पारे, शैलेन्द्र शुक्ला, रोहित तिवारी, कैलाश सेजकर, संजय दुबे, राहुल जैन, रोहित गौर, मयंक धूर्वे, संजय नामदेव, अस्फाक अली, सचिन कुशवाह, अनील राजपूत सहित अनेक पत्रकार साथियों द्वारा उपस्थित होकर उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया।

# 19,950 रुपये की शराब जप्त,कार्यवाही

**हरदा।** जिले में शराब के अवैध परिवहन संग्रह एवं विक्रय के विरुद्ध सघन कार्यवाही की जा रही हैं। जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ने बताया कि विभिन्न जगहों पर सहायक जिला आबकारी अधिकारीद्वय केसी चौहान और सीएल मधुकर द्वारा कार्यवाही कर कुल 11 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। जिसमें वृत हरदा में खेड़ीपुरा लाल स्कूल एवं ग्राम उड़ा में दबिश देकर कुल 5 प्रकरण दर्ज किये। जिसमे खेड़ीपुरा में 2 केस क्रमशः 4 लीटर कच्ची महुआ शराब का 26 लीटर कच्ची महुआ शराब व 140 किलो महुआ लाहन का 1 प्रकरण लाल स्कूल मे 6 लीटर हाथ भट्टी शराब का तथा 2 प्रकरण ग्राम उड़ा में क्रमशः 5 व 4 लीटर हाथ भट्टी शराब का दर्ज किया।


**11 प्रकरणों पंजीबद्ध :** आबकारी अधिकारी श्री लाल ने बताया कि टिमरनी वृत के ग्राम भादूगांव व गोंदागांव में भी दबिश दी गई। जिसमे गोंदागाँव में 2 प्रकरण क्रमशः 15 पाव प्लेन देशी शराब व 7 लीटर हाथ भट्टी शराब का तथा ग्राम भादुगांव में 1 प्रकरण 17 पाव प्लेन देशी शराब का दर्ज किया गया।

वृत खिरकिया में ग्राम टेमलावाडी, सांगवा व जटपुरा में दबिश देकर 3 प्रकरण क्रमशः 5 लीटर 4 लीटर व 5 लीटर हाथ भट्टी शराब का दर्ज किया गया। कुल 66 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 140 किलो महुआ लाहन एवं 32 पाव प्लेन देशी शराब जप्त की गई एवं मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 11 प्रकरण पंजीबद्ध किये। जप्तशुदा शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 19,950 रुपये है।

**अच्छी पहल** — तकनीकी से होगा लैस, हरदा को बनायेंगे देश का नंबर-1 जिला

# जिला होगा अब सूचना प्रौद्योगिकी में महारथ - पटेल

**समर्थ सहारा ■ हरदा**




कृषि के क्षेत्र में उन्नत होते जिले को अब आईटी के क्षेत्र में भी देश का नम्बर1 जिला बनाया जायेगा। नगर पालिका हरदा विधायक प्रतिनिधि अशोक गुर्जर ने बताया कि कृषि मंत्री कमल पटेल ने जिस प्रकार कृषि में नवाचारी योजनाओं को जिले में लागू कर जिले को नम्बर.1 बनाने का प्रयास किया है। प्रत्येक योजना को जीआईएस मैपिंग से मैप किया जायेगी।

### वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण

विधायक प्रतिनिधि श्री गुर्जर ने बताया ओलंपिक संघ जिलाध्यक्ष संदीप पटेल की उपस्थिति में 21 पंचायतों के सचिवों को पंचायत भूवन 3.0 के संचालन और योजना बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर चुके हैं अब ऐसे युवा जो इस पोर्टल पर कार्य करना चाहते हैं को भी इसरों और मैप.काष्ट के वैज्ञानिको द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। योजनाकार बने इसके लिए भूवन 3.0 पंचायत भूवन 3.0 पोर्टल को खोलकर देखें - सीखें ताकि जब आपकों प्रशिक्षण प्रदान किया जाये तो आप उन बातों को जल्दी ग्रहण कर सकें।

### वार्डों की ड्रोन से मैपिंग

जिले में प्रत्येक विभाग की योजनाओं को जीआईएस मैपिंग पर आधारित किया जायेगा। शुरूआत नगर पालिका के वार्ड से कर रहे हैं। वार्डों की ड्रोन से मैपिंग की जा रही है।

हर वार्ड में नक्शे लगेंगे आम नागरिक उस नक्शे से अपनी लोकेशन एवं चल रही महत्वपूर्ण योजनाओं को भी देख सकेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक पंचायत की योजना अब पंचायत भूवन 3.0 पर होगी। स्मार्ट फोन अब हरदा को बनायेगा स्मार्ट हर क्षेत्र में अव्वल नम्बर-1 सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों से अब जिला बनेगा देश का सबसे आगे का जिला। इसके लिये चाहें हमें प्रत्येक पंचायत में एक सूचना प्रौद्योगिकी सहायक भी रखना पड़े तो हम रखेंगे।

# 20 सूत्रीय कर्मचारी हितार्थ सौंपा ज्ञापन

**हरदा।** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के नेतृत्व के द्वारा मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को एक ज्ञापन कलेक्टर को गोविद सूचिक, अध्यक्ष, लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा 20 सूत्रीय कर्मचारी हितार्थ ज्ञापन सौपा गया। जिसमें भृत्य का पद नाम परिवर्तन, पुरानी पेशन बहाली, कार्यभारित सेवाओं को नियमित पदों पर समायोजित करने वर्दी धुलाई भत्ता मे वृद्धि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के गेट पे 1800 रू करने अधिकारियो व कर्मचारियों को जुलाई 2019 से अप्रेल 22 तक मँहगाई भत्ता का एरियर भुगतान किया जाए। दैनिक वेतनभोगी को विनियमितिकरण का लाभ की योजना बनाई थी जिनको नियमित किया जाकर नियमितिकरण का लाभ दिया जाए।

**चतुर्थ श्रेणी का वृतिकर किया जाए समाप्त :** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वृतिकर समाप्त किया जाए प्रदेश के 20 हजार अंशकालीन कर्मचारी को कलेक्टर दर पर किया जाए जो कि अपनी सेवाए पूर्णकालिक रूप से करते है। विभागो मे कार्यरत वर्ष 2005-2006 के बाद नियुक्त जो की अनुकंपा नियुक्ति मे आए है जो शिक्षित है उन्हें वरिष्ठ पदो का लाभ दिया जाए। आँगनवाडी कार्यकर्ता को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। ग्राम रक्षक कोटवारों जिनको कम से कम कलेक्टर दर का वेतन दिया जाए कार्य व्यवस्था के आधार पर नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए साथ ही आँवटित की गई भूमि पुनः सरकार के अधीन ली गई है उसका मुआवजा दिया जाए भूमि ग्राम रक्षक कोटवार को वापिस की जाए सहीत अनेक मांगे ज्ञापन में दी गई।

# क्षय रोग दिवस मनाया गया



**हरदा।** उप स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुरा में क्षय रोग दिवस मनाया गया। क्षय रोग कैसे फैलता, सावधानियां क्या-क्या है, रोग से बचने के उपाय और क्षय रोग कितने प्रकार का होते हैं। सीएएचएओ बबिता काजल, अनुराधा कुम्हारे, मुकेश कुम्हारे द्वारा विस्तृत जानकारियां दी गई दी गई। उक्त कार्यक्रम में सचिव राजेश खोदरे, मीता सोलंकी, सरपंच फूलचंद कोगे, पटवारी श्री भायरे, ललिता यादव,देवकी अहिरवार, कलॉ बारेला,गीता बारेला, रेखा कुम्हारे, सुंदर भूसारे, सुनीता कलमें,रत्ना खंडेराव, मंजू कलमें सहीत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के लिये नागरिकों के साथ श्रमदान



**हरदा।** सुबह नई सब्जी मण्डी तिराहे पर स्थानीय नागरिकों, नगर पालिका के कर्मचारियों व पहल संस्था के स्वयं सेवकों के साथ स्वच्छता के लिए कलेक्टर ऋषि गर्ग ने शुक्रवार को श्रमदान किया। श्री गर्ग ने श्रमदान के साथ-साथ नागरिकों को गीला कचरा व सूखा कचरा के पृथक्करण के सम्बध में समझाया और स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार यादव ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी की और आगे भी इस दिशा में कार्य करने के लिए आश्वस्त किया।

# मजदूर पर थ्रेशर चढ़ने से हुई मौत

**हरदा।** अबगांव में चना निकालने गए मजदूर पर थ्रेशर चढ़ने से हुई मौत, डॉ ने शव का पीएम कर परिजनों को सौपा। पुलिस ने बताया कि मोरगड़ी निवासी शांतिलाल पुत्र चेतराम उम्र 28 वर्ष शुक्रवार अबगांव में एक किसान के खेत मे चने निकालने अपने साथियों के साथ आया था। इस दौरान सुबह मृतक को नींद आ रही थी तो वह कुछ देर के लिए पास में पड़ी त्रिपाल पर सो गया। तभी चने निकालने के लिए थ्रेसर चालक ने थ्रेशर को रिवर्स करके लगा रहा था इस दौरान थ्रेशर चालाक को पता नही था कि पीछे कोन सोया है और थ्रेशर पीछे करने में युवक के ऊपर चढ़ गई जिससे उनसी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक को जिला अस्पताल लाये जहा डॉ ने मृत घोषित कर दिया।

# उड़ान कार्यक्रम से जुड़ी किशोरियों ने कलेक्टर से की भेंट



**हरदा।** सिनर्जी संस्थान के उड़ान कार्यक्रम की प्रतिभागी किशोरियों से कलेक्टर ऋषि गर्ग ने भेंट कर उन्हें हर सम्भव मदद के लिए आश्वस्त किया। चर्चा के दौरान किशोरियों ने अपनी अपनी मांगे अनुभव व विचार साझा किए। प्रतिभागियों के कार्यों व जज्बों की प्रशंसा कर किए कार्यों व मांगो को डॉक्यूमेंट्री के रूप में तैयार करने की समझाइश दी।

# महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित




**सिराली।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में फाग उत्सव और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंग पंचमी पर महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा होली की मदमस्त स्वर लहरियां बिखेरी गई। साथ ही महिलाओं और बच्चों द्वारा राधा कृष्ण का स्वांग रचकर रास भी किया गया। जिसमें सखियों द्वारा एक दूसरे को पुष्पों द्वारा होली एवं गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई।

# किसानों की समस्याओं का करें निराकरण - भायरे

**हरदा।** चारखेडा बरकलॉ में किसान बसंत रायखेरे के खेत पर टिमरनी तहसीलदार व पुलिस बल के साथ में फोरलेन का कार्य प्रारंभ करवाने हेतु भूमि पर कब्जा लेने के लिए आये, लेकिन किसानों ने इस कार्यवाही का विरोध किया। संजय भायरे ने बताया कि उपस्थित किसानों ने कहा अभी तक खेत की नपाई और कब्जा रसीद प्राप्त नहीं की है लेकिन प्रशासन कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं था। उनकी भूमि पर कार्य प्रारंभ कर दिया इसके फलस्वरूप किसानों ने विरोध व प्रदर्शन करने के लिए पुतले को फांसी पर लटकाने की तैयारिया शुरू की।

### किसान का पुतला लटका कर करेंगे विरोध

किसानों का विरोध देखकर महेश बडोले टिमरनी एसडीएम, तहसीलदार, रहटगांव तहसीलदार के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मौके पर उपस्थित होकर किसानों से विस्तृत रूप में चर्चा की गई। एसडीएम द्वारा कहा गया की गुरुवार तक सभी मामलों का निराकरण होगा सकारात्मक रूप को देखते हुए किसान के पुतले को फंसी पर नहीं लटकाया।

किसानों का कहना है एक हफ्ते में सम्पूर्ण जिले के किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो हर किसान अपने खेतों में किसान का पुतला उसे फंसी पर लटका कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बसंत रायखेरे, राजू अग्रवाल, अनूप पालीवाल, राकेश शर्मा, गजानंद जाखड़ एवं अन्य किसान मौके पर उपस्थित थे।

# यात्री वाहन मालिकों को बैठक में दी हिदायतें



**हरदा।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी के आदेश पर जिला परिवहन कार्यालय में यात्री बस मालिकों की बैठक आयोजित की गई । जिसमें सहायक परिवहन अधिकारी खेमचंद कोष्टी द्वारा यात्री वाहन स्वामियों को निर्देश दिए गए कि बस स्टैंड पर अधिक समय तक बसों को खड़ा ना करें । बसें अपने निर्धारित समय से पहले बस स्टैंड पर खड़ी होना, बसों में डबल डोर ना होना, बस के संचालक परिचालक वर्दी में रहे, महिला यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। बसों को अपने निर्धारित स्टॉपेज रोड पर सफेद पट्टी के पास में खड़ी ना करें । आपातकालीन दरवाजे सीट ना लगाऐं, अग्निशामक यंत्र सही स्थिति में रखा जाए ।

### 6500 जुर्माना वसूला

स्थानीय राष्ट्रीय राजमार्ग इंदौर रोड पर जिला परिवहन अधिकारी के आदेश पर बॉडी से ऊपर भूसा ले जा रहे चार वाहनों, 8 हेलमेट न पहनने वाले दुपहिया वाहन एवं एक वाहन के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर ?6500 जुर्माना वसूल कर हिदायत दी कि सभी प्रकार के आवश्यक कागज साथ में रखें ओर मांगने पर दिखावें।

# एक यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत

**हरदा।** रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह अज्ञात ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि सुबह 9 बजे पलासनेर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे खंभा नंबर 659/21 के अप ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान मनोज पिता उमेशप्रसाद यादव 35 वर्ष निवासी यदुवंशनगर जिला खगरिया बिहार के रूप में हुई है। मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की सूचना दी।

# शराब दुकान न खोली जावे, दिया आवेदन

**चारुवा।** स्थानीय नागरिकों द्वारा मुख्य मंत्री, कमल पटेल व गृह मंत्री को शिकायत की है कि बस स्टेण्ड क्षेत्र में शराब दुकान न खोली जावे एवं बस स्टेण्ड पर पूर्व से स्थित शराब दुकान हटाकर गांव से दूर खोली जावे। वर्तमान में बस स्टेण्ड आसपास के 40-50 गाँवों का केन्द्र है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य पहुँचने के लिए यहाँ आकर आवागमन के साधनों का इंतजार करना पड़ता है। छात्र-छात्राएँ स्कूल कालेज जाने के लिए प्रतिदिन गुजरना होता है। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं ऐतिहासिक गुप्तेश्वर मंदिर भी जाने के लिए एक मात्र रास्ता यही है। सनद रहे कि पूर्व से बस स्टेण्ड स्थित शराब दुकान होने से शराबी आये दिन आम नागरिकों से वाद विवाद करते हैं। दुकानदारों से फ्री में सामान देने की मांग करते है न देने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है।

### सतलापुर पुलिस ने आरोपी को कन्नौद से गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया

# नाबालिक को शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

**नाबालिक का अपरहण कर 15 दिन से कर रहा था दुष्कर्म**

**पास्को एक्ट का मामला दर्ज कर पहुंचाया जेल**

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



शहर में सतलापुर पुलिस के के हाथ एक और सफलता मिली है पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल के निर्देश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत लाल मीणा. एसडीओपी मलकीत सिंह .थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी द्वारा एक टीम गठित कर नाबालिक लड़की के साथ शादी का झांसा देकर 15 दिनों से अपहरण कर भगाकर आरोपी देवास के कन्नौज में ले गया था पुलिस को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस नेआरोपी पार्ले उर्फ मुकेश प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया तत्काल सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर थाने से एक टीम जिसके टीम प्रभारी उप निरीक्षक आर.पी. गोहे, हमराह आर राजेन्द्र दायमा 186, महिला आर रीना 535 को कन्नौद जिला देवास रवाना किया गया। टीम द्वारा दिनाँक 24 मार्च को रात्रि में ग्राम खरपा थाना कन्नौद जिला देवास में स्थानीय पुलिस की मदद से बडी सूझ बूझ व सतर्कता से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी पारले उर्फ मुकेश उम्र 23 साल निवासी वार्ड 9 रामनगर मण्डीदीप को हिरासत में लिया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 15 दिन से शादी का झांसा देकर उसे भगा कर आरोपी ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 366, 376 (3), 376 (2) (N) भादवि, 5एल/6 पाक्सो एक्ट 2012 का मामला दर्ज किया गया शुक्रवार को आरोपी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गौहरगंज के न्यायालय में दिनांक 25 मार्च को पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को उप जेल गौहरगंज दाखिल हेतु वारंट जारी करने पर जेल दाखिल किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका-थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र सतलापुर, उनि विजय त्रिपाठी (मुख्य भूमिका एवं सूचना तंत्र), उनि आर पी गोहे (अनुसंधान कर्ता एवं पीड़िता एवं आरोपी दस्तयबी) उप निरीक्षक विनोद परमार (आरोपी गिरफ्तारी) उप निरीक्षक मुक्ता शर्मा (महिला अप. सम्बन्धी कार्य.) आर186 राजेन्द्र दायमा, महिला आर.535 रीना उज्ज्वल की सराहनीय भूमिका रही।

# मंडीदीप नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए से गर्मी से राहत हेतु बोर चालू कराकर पानी की समस्या पर अंकुश लगाइएगी

**मंडीदीप में 39 बोर एवं अधिग्रहण कर 15 अप्रैल तक जनता को पानी की मिलेगी सौगात**

**सीएमओ का मास्टर स्ट्रोक टैंकर खरीद कर रहेवासियों की फिजूलखर्ची पर लगेगी रोक**

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



शहर में मुख्यमंत्री द्वारा नल जल योजना की सौगात भले ही शहर को मिल गई है परंतु आज तक पानी उपलब्ध नहीं हो पाया शहर के समीप स्थित ग्राम दाहोद से पानी आना था परंतु अभी भी धरातल पर आने में लगभग 2 वर्ष का समय लग सकता है परंतु भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका सीएमओ सुधीर उपाध्याय का मास्टर स्ट्रोक लगा दिया गया है जिसमें पानी की समस्या मिटाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों रुपए के 39 बोर किए जाएंगे जोकि पूर्व बोर के आसपास नवीन बोर होंगे साथ ही जिन के पास बोर हैं उसको नगरपालिका अधिग्रहण कर रहवासियों की प्यास बुझाने का प्रयास करेगी जिससे पानी नलों के माध्यम से रे वासियों को मिल सकेगा और महेंगे टैंकरों से निजात मिल सकेगी सूत्रों की माने तो टेंडर हो चुके हैं और 15 अप्रैल तक अरे वासियों को सौगात मिल सकती है ज्ञात हो कि भीषण गर्मी के चलते शहर में पानी की त्राहि-त्राहि मचना प्रारंभ हो गई है और शहर में 4 या 8 दिन में पानी पीने को मिल रहा है ऐसा ना जनता नगर पालिका को घेरने का प्रयास कर रही है अभी गर्मी प्रारंभ हो चुकी है जिसको देखते हुए नगर पालिका और रहवासियों की प्यास बुझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती और जल संकट से निजात दिलाना चाहती है।

# नोविज़ियो फन 2022 एक्साइनमेंट एण्ड इन्टरटेन्मेंट अनलिमिटेड का हुआ आयोजन

**फोटोग्राफी, रंगोली, फेस पेंटिंग, सोलो सिंगिंग, जैसी विधाओं में विद्यार्थियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा**

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



एनआरआई ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट में इस दिनों फन एन्ड रोमांच का खुशनुमा माहौल है मौका है नोविजियों 2022 कें दौरान एनआरआई ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में बड़ी भव्यता के साथ टेकफेस्ट ''नोविज़ीयो 2022'' का आग़ाज हुआ। 3 दिवसीय इस भव्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इंस्टिट्यूट की विभाग अध्यक्षनीता घांघरेकर ने बताया की प्रति वर्ष आयोजित नोविज़ीयो इस बार हेप्पीनेस से प्रेरित है। दोनो ही दिन संस्था के प्रांगण में उत्साह व उमंग का माहौल था। सारे प्रतिभागी बड़े हर्षीत एवं आत्मविश्वास से लबरेज थे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न टेक्निकल इंस्टीटयूटस एवं कालेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वास सारंग मंत्री मेडिकल एजूकेशनविभाग मध्यप्रदेश शासन, अनुराग श्रीवास्तव सीईओ नेटलिंकएएनआरआई. ग्रुप के चेयरमैन डी. सुबोध सिंह श्रीमती जयश्री सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया, जिसके बाद हेप्पीनेस थीम सें प्रेरित विभिन्न कार्यक्रम रोबो रेस, फोटोग्राफी, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, टेक्नीकल क्वीज, फेस पेंटिंग, सोलो सिंगिग, रंगोली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# अवैध असलाहा सहित आरोपी गिरफ्तार



**समर्थ सहारा, चंदला।**

थाना प्रभारी अतुल दीक्षित ने एक 315 बोर की देसी बंदूक और जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम बकतौरा नाले के पास से आरोपी कल्लू पटेल पिता हरि पटेल 45 वर्ष निवासी ग्राम बकतौरा को पकड़ा गया है। कार्यवाही में उप निरीक्षक परमात्मा सिंह, सहायक उप निरीक्षक हरदयाल, आरक्षक नरेंद्र आदि ने सहयोग किया।

# श्रेयन यादव के उत्कृष्ट प्रदर्शन से रोमांचक मैच में टस्कर ने 1 रन से जीता मैच

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



शहर के चावरा विद्या भवन मैं आयोजित एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में टस्कर मंडीदीप और राईनोज के बीच खेला गया । टस्कर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उन्होने निर्धारित 15 ओवर में 101 रन बनाए 8 विकेट के नुकसान पर , राइनोज लक्ष्य का पीछा करने उतरी काफी संघर्ष पूर्व मैच में 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 100 रन बना सकी टस्कर 1 रन से मैच जीत गई और श्रेयन यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया । वहीं दूसरे मैच में मंडीदीप बुल्स और मंडीदीप लायन्स के बीच खेला गया । जिसमें मंडीदीप बुल्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया मंडीदीप बुल्स ने 15 ओवर में 108 रन बनाए और खिलाड़ी आउट हुए वहीं लायन्स ने 14.3 ओवर में 109 रन बनाए 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया । शिवम तिवारी के शानदार प्रदर्शन से उनको मैन ऑफ द मैच घोषित किया । इस मौके परअतिथि अमित जैन , दीपक गुप्ता और आशीष राय मौजूद थे इन्होंने खिलाडियो से मिलकर उन्हें अच्छे खेल के लिए शुभकामनाए दी।

# राजा भोज महाविद्यालय में किया गया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**मण्डीदीप, पंकज खत्री**




शहर के राजाभोज शासकीय महाविद्यालय मंडीदीप में वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत पुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मथुरा प्रासद अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भोपाल -नर्मदापुरम संभाग ने अपने उद्बोधन में कहा भारत एक अखण्ड देष एवं बहुसांस्कृतिक देश है। भारत की वैदिक संस्कृति हमे सामाजिक समरसता का ज्ञान प्रदान करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर बल दिया गया है। बेरोजगारी दूर करने हेतु व्यवसायिक षिक्षा पर बल दिया गया है। विद्यार्थियो से राष्ट्र सेवा के लिये आगे आने का आव्हान किया । कार्यक्रम प्रभारी डॉ.एस.के भदौरिया ने महाविद्यालय का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये खेल-कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना कॅरियर मार्गदर्षन योजना युवा उत्सव एवं शैक्षणिक उपलब्धियों आदि की जानकारी देते हुये कहा राष्ट्रीय षिक्षा नीति में एक समग्र महामानव के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित दिया गया है। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम ,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेष खरे, वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ.एस.के. भदौरिया,सहित सभी प्राध्यापक अतिथि विद्वान कार्यालय के कर्मचारी एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. मंजुलता पाठक द्वारा किया गया।

# जब जब धरती पर संकट आया तब तब भगवान श्री कृष्ण किसी ना किसी रूप में मदद के लिए आवश्यक पहुंचते हैं: पंडित दिवाकर कृष्ण शास्त्री

**ग्वालो ने फोड़ी मटकी और बाल लीलाओं का मंचन कर दी मनमोहक प्रस्तुतियां**

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



जब जब धरती पर मनुष्य को संकट उत्पन्न होता है भगवान श्री कृष्ण किसी ना किसी रूप में अवश्य पहुंचते हैं और भक्तों को उन समस्याओं से निजात दिलाते ईश्वर की भक्ति सदैव करना चाहिए क्योंकि मनुष्य की जीवन में कभी खुशियां तो कभी गम का आना जाना लगा रहता है वह सुख की घड़ी में तो भगवान को भूल जाता है और दुख की घड़ी में याद करता है परंतु ऐसा नहीं करना चाहिए हमें ईश्वर समान दाता नहीं वह जग का पालनहार है और धरती पर उसकी मर्जी के बिना तो पत्ता भी नहीं हिलता परंतु वह किसी ना किसी बहाने से मनुष्य के सुख और दुख मैं महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है यह बात शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 23 स्थित रॉयल पार्क सिटी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण मैं कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित दिवाकर कृष्ण शास्त्री ने कहीं साथ ही भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं .माखन लीला मटकी फोड़. गोवर्धन लीला एवं लीला दर्शन की कथा का रसपान कराया कथा का आयोजन 21 से 27 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक रॉयल पार्क सिटी में महिला मंडल द्वाराआयोजित किया जा रहा है जिसमें सैकड़ों लोगों ने कथा का रसपान किया

# खनपुरा में पेयजल संकट गरमाया, चार दिन में मिलता है पानी

**मंडीदीप, पंकज खत्री**



शहर में भीषण गर्मी के आते ही पेयजल संकट गरमाने लगा है और नगर पालिका के पास कोई व्यवस्था नहीं है चार चार दिन में पानी अरे वासियों को पीने को मिल रहा है शुक्रवार को 2 दर्जन से अधिक महिलाओं ने नगरपालिका परिषद पहुंचकर सीएमओ सुधीर उपाध्याय से गुहार लगाई और खनपुरा में शीघ्र ही पानी की समस्या निराकरण करने की मांग की वही राहुल नगर .सतलापुर .मंडीदीप सहित अनेक स्थानों पर अरे वासियों पानी के लिए मोहताज होना है और टैंकर संचालकों की मनमानी रकम के चलते पानी खरीदने पर मजबूर हैं वही बेतवा कॉलोनी का भी हाल बेहाल है।

### इनका कहना है

खनपुरा में चार चार दिन में पानी पीने को मिल पा रहा है नगर पालिका को शीघ्र पानी की व्यवस्था करवानी चाहिए।

**लेखराज,** रहवासी खनपुरा मंडीदीप

नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही खनपुरा में 2 बोर कराने जा रही है लगभग 15 अप्रैल तक रहेवासियों को सुविधाएं मिलने लगेंगी।

**सुधीर उपाध्याय,** सीएमओ नापा मंडीदीप

# छतरपुर के 8 हज़ार 500 छात्रों को मिली ओबीसी छात्रवृत्ति

**समर्थ सहारा, छतरपुर।**




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअली कार्यक्रम के जरिये पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का सिंगल क्लिक से वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष दी जाने वाली पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 703 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि छात्र मेहनत से पढ़ाई करें और परिश्रम करने में कोई कसर नहीं छोड़े।

इस अवसर पर भोपाल से विभागीय मंत्री रामखिलावन पटेल और प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण भी वर्चुअली रूप से उपस्थित रहे। छतरपुर जिले के 8 हजार 500 छात्रों को आबोसी छात्रवृत्ति मिली। एनआईसी कक्ष में वर्चुअली कार्यक्रम में जिले के 12 छात्रों ने भाग लेकर मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।

# छात्रावास पहुंचे कलेक्टर, बच्चियों से ली जानकारी



**समर्थ सहारा, बिजावर।**

छतरपुर कलेक्टर संदीप जी आर बीते रोज बिजावर के शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास पहुंचे जहां बालिकाओं से बात कर उन्होंने खाने के समय सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं से पढ़ाई के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चो से एक-एक चीज पूछी, व्यवस्था देखी और वार्डन से भी आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास में बच्चियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। आपको बता दें कि छात्रावास से पहले कलेक्टर ने सटई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया था। वहां उन्होंने व्यवस्था देखकर कोविड टीकाकरण की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ एसडीएम राहुल सिलाडिया़ भी मौजूद थे।



# विश्वविद्यालय के छात्रों के समर्थन में आई छात्र एकता परिषद

**समर्थ सहारा, छतरपुर।**

शुक्रवार को छात्र एकता परिषद के बनैर तले ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति को विद्यार्थियों की परीक्षा ऑनलाइन कराए जाने के विषय में ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि कोरोना काल में छात्रों को कोविड गाईडलाइन का पालन करते हुए ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई कराई लेकिन ज्यादातर छात्र सुविधाओं के अभाव में ठीक ढंग से पढ़ाई नहीं कर सके।अब विश्वविद्यालय ने प्रवेश पत्र जारी कर विद्यार्थियों को ऑफलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने के निर्देश जारी किए हैं जिससे विद्यार्थी संतुष्ट नहीं हैं। विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय प्रबंधन पर पक्षपात और मनमानी के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है विद्यार्थियों की परीक्षाएं ऑनलाइन अथवा ओपन बुक प्रणाली से कराई जाएं। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र एकता परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वात्वाधिकारी चन्द्र मोहन दुबे द्वारा, आर. के. प्रिंटर्स, 7 नीम वाली सड़क, जहांगीराबाद, भोपाल ( म.प्र. ) से मुद्रित। प्लॉअ नं. 155, गणेश नगर, आशिमा माल के पास, होशंगाबाद रोड, भोपाल से प्रकाशित।
प्रधान संपादक रमेश राय, स्थानीय संपादक आशा राजपूत, सह संपादक प्रशांत कसेरा, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/42095 फोन नं. 0755-4257455, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।